दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



सनी ने की आर्यन की तारीफ.......



सोनाक्षी करेंगी दहाड़ 2 की शूटिंग....

वर्ष : 11 | अंक : 246 | लखनऊ, 26 अगस्त, मंगलवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# आतंकियों को पीएम मोदी की चेतावनी, कहीं भी छिपे हों, बख्शा नहीं जाएगा

## दुनिया ने देखा है कि भारत ने पहलगाम का बदला कैसे लिया

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे कहीं भी छिप सकते हैं, लेकिन उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भी प्रकाश डाला। अहमदाबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हम आतंकवादियों और उनके आकाओं को नहीं छोड़ेंगे। वे कहीं भी छिप सकते हैं। दुनिया ने देखा है कि हमने पहलगाम हमले का बदला कैसे लिया। नरेंद्र मोदी ने 1,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई रेलवे परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं, जिनमें 530 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 65 किलोमीटर महेसाणा-पालनपुर रेल लाइन का दोहरीकरण, 860 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 37 किलोमीटर कलोल-कदी-कटोसन रोड रेल लाइन और 40 किलोमीटर बेचराजी-रानुज रेल लाइन का आमान परिवर्तन शामिल है।

मोदी ने कहा कि पूरे देश में गणेश उत्सव को लेकर अद्भुत उत्साह है। गणपति बप्पा के आशीर्वाद से आज गुजरात के विकास से जुड़ी कई परियोजनाओं का भी उद्घाटन हुआ है। यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे देश की जनता को कई विकास परियोजनाएं समर्पित करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि इस मानसून के मौसम में, गुजरात के कई इलाकों में भारी बारिश हो रही है। देश में जिस तरह एक के बाद एक बादल फटने की घटनाएँ हो रही हैं, उससे होने वाली तबाही देखकर खुद को संभालना मुश्किल हो जाता है। मैं सभी प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूँ। प्रकृति का यह प्रकोप पूरी मानव जाति, पूरे विश्व और पूरे देश के लिए एक चुनौती बन गया है। केंद्र सरकार, सभी राज्य सरकारों के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात की ये धरती दो मोहनों की धरती है। एक हैं सुदर्शन चक्रधारी मोहन, हमारे द्वारकाधीश श्री कृष्ण और दूसरे हैं चरखाधारी मोहन, साबरमती के संत पूज्य बापू ( महात्मा गांधी। इन दोनों के दिखाए मार्ग पर चलकर भारत निरंतर सशक्त हो रहा है। सुदर्शन चक्रधारी मोहन ने हमें देश और समाज की रक्षा करना सिखाया है। उन्होंने सुदर्शन चक्र को न्याय और सुरक्षा का कवच बनाया, जो दुश्मन को ढूंढकर उसे दंड देता है। आज देश, भारत के निर्णयों में यही भावना अनुभव कर रहा है। देश ही नहीं, दुनिया भी इसे अनुभव कर रही है।

# भारतीय सेनाओं ने कायराना हमलों का दिया मुंहतोड़ जवाब : राजनाथ सिंह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादियों ने लोगों के नाम और धर्म पूछकर उनकी हत्या कर दी थी, लेकिन हमारे सैनिकों ने आतंकवादियों को धर्म के आधार पर नहीं बल्कि उनके कर्मों के आधार पर मारा। राजस्थान के जोधपुर में बोलते हुए, वह जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्रवाई का जिक्र कर रहे थे, जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

राजनाथ ने यह भी कहा कि भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' (सारी दुनिया एक परिवार है) की अवधारणा में विश्वास करता है और जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और तय किए गए ठिकानों पर सटीक हमला किया। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी समूहों से जुड़े कई ठिकानों पर हमले किए गए। वह एक रक्षा और खेल अकादमी का उद्घाटन करने और सैनिकों के परिवारों को सम्मानित करने के लिए जोधपुर में थे।

रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं जब भी, हमारे किशोरों और युवाओं से मिलता हूँ, और उनकी आँखों में चमक और संकल्प देखता हूँ, उससे मुझे खुद भी नई ऊर्जा मिलती है। यही ऊर्जा, हमारे आने वाले भारत की पहचान है। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं की ऊर्जा और उनका संकल्प, हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी देखा। जिस प्रकार हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान के कायराना हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया, उसे पूरी दुनिया ने देखा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमारी सेनाओं को सभी सीमावर्ती क्षेत्रों से भी पूरा समर्थन मिला। यह हमें सिखाता है कि देश की सुरक्षा सिर्फ सरकार या सेना की जिम्मेदारी नहीं है, हर नागरिक और हर युवा, अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक और समर्पित रहेंगे, तभी हम हर मुश्किल का सामना कर पाएँगे।

राजनाथ ने कहा कि विद्या भारती संस्थान, भारत की शैक्षणिक परम्परा का एक जीता-जागता उदाहरण है। विद्या भारती ने, हमेशा इस बात पर जोर दिया है, कि बच्चों को अच्छा इंसान, अच्छा नागरिक बनाया जाय। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के लिए, शिक्षा का मतलब, सिर्फ किताबों और परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। बल्कि इसने, जीवन के हर पहलू, चाहे वह शरीर की मजबूती हो, मानसिक संतुलन हो, सोचने की शक्ति हो, संस्कृति का ज्ञान और आध्यात्मिक गहराई, सब पर बराबर ध्यान दिया है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31.c

न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,635.74

निफ्टी 24,967.75

**संक्षिप्त समाचार**

## डबल इंजन की सरकार के बावजूद राजस्थान रिफाइनरी का काम धीमा: अशोक गहलोत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पचपदरा में प्रस्तावित राजस्थान रिफाइनरी के कार्य की धीमी गति को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को सवाल किया कि डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद रिफाइनरी का काम धीमा क्यों है? गहलोत ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने 2025-26 की बजट घोषणा संख्या 158 में यह कहा था कि पचपदरा-बालोतरा स्थित रिफाइनरी अगस्त 2025 से उत्पादन शुरू कर देगी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा, कल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रिफाइनरी का दौरा किया, परंतु दोनों के बयानों और सरकारी प्रेस नोट में रिफाइनरी के उत्पादन शुरू होने की तारीख का कोई जिक्र नहीं था। यह आश्चर्यजनक चुप्पी जनमानस में संदेह उत्पन्न कर रही है। गहलोत के अनुसार, कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान, कोरोना महामारी के बावजूद रिफाइनरी का काम तेजी से हुआ और 80 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर लिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि 2013 से 2018 और अब 2023 से भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण 37,000 करोड़ की इस परियोजना की लागत बढ़कर लगभग एक लाख करोड़ तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा, 2013 में जब इस परियोजना का शिलान्यास हुआ था, तब सरकार बदलने के बाद इसका काम रोका नहीं गया होता तो लागत इतनी नहीं बढ़ती। अब राजस्थान की जनता पूछ रही है कि डबल इंजन की सरकार के बावजूद रिफाइनरी का काम धीमा क्यों चल रहा है? केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को बालोतरा जिले के पचपदरा में बन रही एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कुछ उद्घाटन कार्य किए और एक समीक्षा बैठक भी की।

# हर श्रेय लूटने की कोशिश में रहते हैं भाजपा के लोग : अखिलेश

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अंतरिक्ष यात्रा के जरिये इतिहास बनाकर पहली बार अपने गृह जनपद लखनऊ पहुंचे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को बधाई देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उनका नागरिक अभिनंदन किये जाने पर परोक्ष रूप से कटाक्ष किया।

यादव ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में शुभांशु के अंतरिक्ष यात्रा के बाद पहली बार लखनऊ पहुंचने का जिक्र होने पर कहा, उनको बहुत बधाई। बहुत बड़ा काम किया उन्होंने। कितनी मेहनत करनी पड़ी होगी, कितनी ट्रेनिंग से उन्हें गुजरना पड़ा होगा, तब उन्हें यह कामयाबी मिली यह देश के लिए और व्यक्तिगत तौर पर उनके और उनके परिवार के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुभांशु का नागरिक अभिनंदन किये जाने की तरफ इशारा करते हुए कहा, इस यात्रा ने पूरे देश का सम्मान बढ़ाया है। इसमें पूरे देश के संसाधन लगे हैं, लेकिन भाजपा के लोग हर श्रेय लूटने के चक्कर में रहते हैं। सपा प्रमुख ने कहा, भाजपा के लोग खगोल विज्ञान पर नहीं बल्कि ज्योतिष विज्ञान पर भरोसा करते हैं.... कि दिन कौन सा शुभ है। आज शाम को इस समय निकलना है।

# सीएम योगी से मिले शुभांशु शुक्ला, परिवार संग साझा किया गौरव का पल

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की, जिन्होंने हाल ही में एक्सिओम 4 मिशन के चालक दल के हिस्से के रूप में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के ऐतिहासिक मिशन को पूरा किया। X पर एक पोस्ट में, यूपी मुख्यमंत्री कार्यालय ने लिखा कि आज, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के लखनऊ स्थित आधिकारिक आवास पर, राष्ट्र के सपूत, अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला जी ने ऐतिहासिक एक्सिओम 4 मिशन के सफल संचालन और अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से उनकी सुरक्षित वापसी के बाद शिष्टाचार भेंट की।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह जानकर बहुत अच्छा लग रहा है कि आप अपनी सफल यात्रा के बाद अब लखनऊ वापस आ गए हैं। उत्तर प्रदेश इस यात्रा से प्राप्त अनुभवों का लाभ उठाना चाहेगा। शुभांशु शुक्ला ने कहा कि मैंने इस तरह के उत्साह की उम्मीद नहीं की थी। मैं सचमुच अभिभूत हूँ। घर वापस आकर अच्छा लग रहा है। मैं लोगों द्वारा व्यक्त किए जा रहे प्यार और समर्थन से प्रसन्न हूँ... मैं उत्साहित हूँ कि जो गति बनी है, वह हमें अपनी विज्ञान यात्रा में उस स्थान तक पहुँचने में मदद करेगी जहाँ हम पहुँचना चाहते हैं।

ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने अपने विद्यालय, गोमतीनगर स्थित सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में भी भाग लिया। इस अवसर पर, उन्होंने छात्रों को 2040 तक चाँद पर उतरने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास करने हेतु प्रोत्साहित किया। अपने भाषण में, ग्रुप कैप्टन ने कहा कि आज सुबह मैं बहुत थका हुआ था। फिर मैंने आप बच्चों को सड़कों पर देखा, और मुझे बताया गया कि आप सुबह 7:30 बजे से वहाँ खड़े हैं। मैंने आपको पसीना बहाते, मुस्कुराते और इतने उत्साहित देखा कि मेरी सारी थकान गायब हो गई।

उन्होंने आगे कहा कि सफल होने के लिए केवल 'दृढ़ता' की आवश्यकता होती है। शुक्ला ने कहा, 'मेरे समग्र अनुभव में, मुझे लगता है कि भविष्य बेहद उज्ज्वल है। हम सही समय पर हैं, सही अवसर मौजूद हैं। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर आपसे हुई मेरी हर बातचीत में, मुझसे कभी यह सवाल नहीं पूछा गया कि ISS पर कैसा अनुभव होता है। मुझसे हमेशा पूछा जाता था कि अंतरिक्ष यात्री कैसे बनें। इससे पता चलता है कि आपका मन किस दिशा में जा रहा है।'

नासा के एक्सिओम-4 (अ-4) अंतरिक्ष मिशन को पूरा करने के बाद 15 जुलाई को पृथ्वी पर लौटे शुक्ला 17 अगस्त को दिल्ली पहुँचे। वे नासा के एक्सिओम-4 अंतरिक्ष मिशन का हिस्सा थे, जिसने 25 जून को अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। वे 41 वर्षों में अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले भारतीय बने।

# निक्की हत्याकांड में ससुर, जेठ और सास को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

नोएडा , ग्रेटर नोएडा दहेज हत्या मामले में एक नए घटनाक्रम में मृतका के तीन करीबी परिवार के सदस्यों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मृतका की पहचान 26 वर्षीय निक्की भाटी के रूप में हुई है, जिसे शनिवार को ग्रेटर नोएडा में दहेज की मांग को लेकर कथित तौर पर आग लगा दी गई थी। इससे पहले, उत्तर प्रदेश पुलिस ने मामले के संबंध में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। उत्तर प्रदेश पुलिस ने सोमवार को चौथी गिरफ्तारी की। इससे पहले पुलिस ने पीड़िता की ननद, सास और पति को भी गिरफ्तार किया था। पत्नी की हत्या के आरोपी विपिन भाटी को रविवार को पुलिस ने पैर में गोली मारी थी और बाद में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### एनसीडब्ल्यू ने कार्रवाई की मांग

इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने घटना को गंभीरता से लिया है और त्वरित कार्रवाई की मांग की है। रविवार को जारी एक बयान में, एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया राहतकर ने कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, कानून के संबंधित प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई और मामले की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच के निर्देश दिए हैं।



### निक्की मामला

इस बीच, मामले में एक बड़ा मोड़ भी आ गया है क्योंकि मुख्य प्रश्न यह है: क्या निक्की ने आत्महत्या की या उसके पति विपिन ने उसे आग लगाई? निक्की की बहन कंचन द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, घटना 21 अगस्त की सुबह लगभग 5:30 बजे हुई। कंचन ने आरोप लगाया कि विपिन ने निक्की पर ज्वलनशील पदार्थ डाला और लाइटर से आग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

### सीसीटीवी फुटेज से संदेह

हालांकि, उसी सुबह का सीसीटीवी फुटेज थोड़ी अलग कहानी बयां करता है। सुबह लगभग 5:40 बजे, विपिन अपने बच्चे के साथ एक दुकान के बाहर खड़ा दिखाई देता है। अचानक, तेज आवाजें सुनकर, वह घर की ओर भागता हुआ दिखाई देता है और फिर अस्पताल जाने से पहले जल्दी से अपनी गाड़ी गली में पीछे कर लेता है। घटना के समय ने संदेह पैदा कर दिया है, क्योंकि कंचन का दावा है कि घटना सुबह 5:30 बजे हुई, जबकि फुटेज में विपिन दस मिनट बाद बाहर दिखाई दे रहा है।

# जालंधर में सर्जिकल कॉम्प्लैक्स के मैट्रो मिल्क में अमोनिया गैस लीक, 30 लोग फंसे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, जालंधर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, सर्जिकल कॉम्प्लेक्स स्थित मेट्रो मिल्क फैक्ट्री में अचानक अमोनिया गैस का रिसाव हुआ, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूत्रों के मुताबिक, गैस रिसाव के तुरंत बाद फैक्ट्री में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। उस समय फैक्ट्री में करीब 30 से 40 लोग मौजूद थे, जो गैस की चपेट में आने से अंदर फंस गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए राहत और बचाव दल को तुरंत मौके पर बुलाया गया। मिली जानकारी के अनुसार, कपूरथला रोड स्थित लेदर कॉम्प्लेक्स के पास एक निजी दूध फैक्ट्री से सोमवार शाम अमोनिया गैस लीक हो गई। इसमें 12 मजदूर फंस गए। यह घटना मेट्रो मिल्क प्लांट में हुई। मजदूर पहली मंजिल पर फंस गए थे। आपातकालीन बचाव दल को फंसे हुए व्यक्तियों को सुरक्षित नीचे निकालने के लिए साइड की दीवार तोड़नी पड़ी। सीढ़ियों और क्रेन का इस्तेमाल करना पड़ा। सौभाग्य से, किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। पिछले एक साल में जालंधर में अमोनिया गैस रिसाव की यह तीसरी घटना है। इससे पहले की दो घटनाएँ स्थानीय बर्फ कारखानों में हुई थीं।

# राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगी वाईब्रेंट विलेज योजना, दो दिवसीय कार्यशाला में अमित शाह ने लिया भाग

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को 'वाईब्रेंट विलेज कार्यक्रम' पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया। गृह मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, सरकार ने अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के 19 जिलों में उत्तरी सीमा से सटे 46 ब्लॉकों के चुनिंदा गाँवों के व्यापक विकास के लिए 15 फरवरी, 2023 को केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में जीवंत ग्राम कार्यक्रम-क को मंजूरी दी। शुरूआत में, कार्यक्रम के तहत प्राथमिकता के आधार पर व्यापक विकास के लिए 662 सीमावर्ती गाँवों की पहचान की गई थी। राज्यवार गाँवों की संख्या इस प्रकार है: अरुणाचल प्रदेश-455, हिमाचल प्रदेश-75, सिक्किम-46, उत्तराखंड-51 और लद्दाख (केंद्र शासित प्रदेश)-35। अप्रैल में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सुरक्षित, संरक्षित और जीवंत भूमि सीमाओं के दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-कक को मंजूरी दी। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय भूमि सीमाओं से सटे ब्लॉकों में स्थित गाँवों के व्यापक विकास में मदद करेगा, VVP-I के तहत पहले से ही शामिल उत्तरी सीमा के अलावा। 6,839 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ, यह कार्यक्रम 2028-29 तक अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, गुजरात, जम्मू और कश्मीर , लद्दाख , मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के चुनिंदा रणनीतिक गाँवों में लागू किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य समृद्ध और सुरक्षित सीमाओं को सुनिश्चित करने, सीमा पार अपराध को नियंत्रित करने और सीमावर्ती आबादी को राष्ट्र के साथ आत्मसात करने के लिए बेहतर जीवन स्थितियों और पर्याप्त आजीविका के अवसरों का निर्माण करना है और उन्हें 'सीमा सुरक्षा बलों की आंख और कान' के रूप में विकसित करना है, जो आंतरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम गाँव या गाँवों के समूह के भीतर बुनियादी ढाँचे के विकास, मूल्य श्रृंखला विकास (सहकारिताओं, स्वयं सहायता समूहों आदि के माध्यम से), सीमा-विशिष्ट आउटरीच गतिविधि, स्मार्ट कक्षाओं जैसी शिक्षा के बुनियादी ढाँचे, पर्यटन सर्किटों के विकास और सीमावर्ती क्षेत्रों में विविध और स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करने के लिए कार्यों/परियोजनाओं के लिए धन उपलब्ध कराएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी पहुंच रही है बिहार की सब्जियां, दुबई के लुलु मॉल में भेजी जा चुकी है, नेपाल और सिंगापुर में भेजने की है तैयारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, बिहार के किसानों की उगाई गई सब्जियां अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहुंच चुकी है। पिछले दिनों ट्रायल सीपमेंट के तौर पर 1,500 किलो सब्जियां दुबई के लुलु मॉल में भेजी गई थी। इस सफलता से उत्साहित होकर सहकारिता विभाग अब सब्जियों को नेपाल और सिंगापुर में भेजने की तैयारी कर रहा है। बिहार से सब्जियां विदेश भेजने की शुरूआत होने से राज्य के किसानों की आय बढ़ने की उम्मीद की जा रही है।

सहकारिता विभाग किसानों की उपज को बाजार मुहैया करवाने के लिए लगातार काम कर रहा है। इसी कड़ी विदेशों में सब्जियां भेजने के साथ ही राज्य के भीतर भी सहकारी संघों के माध्यम से किसानों को बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

सहकारिता विभाग ₹तरकारी₹ ब्रांड के नाम से सब्जियों की बिक्री भी कर रहा है। हरित संघ, तिरहुत संघ एवं मिथिला संघ द्वारा माह अगस्त 2025 तक 104168.85 मीट्रिक टन की सब्जियों की बिक्री की गई है। इस व्यवसाय में 178 करोड़ रुपए का टर्न ओवर रहा है।

प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति द्वारा की गई सब्जी के क्रय आदेश को देखने एवं उक्त आदेश के विरूद्ध सब्जी आपूर्ति की जाने वाली मात्रा के बारे में सूचना देने के लिए सदस्य किसानों के लिए तरकारी ऐप विकसित किया गया है।

बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना योजना के तहत इसका क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके लिए त्रिस्तरीय सहकारी संरचना की अवधारणा की गई है जिसमें प्रखंड स्तर पर सब्जी उत्पादक किसानों को सम्मलित कर प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति, कुछ जिलों के प्रखंड स्तरीय प्राथमिक समितियों को मिलाकर सब्जी प्रसरण एवं विपणन सहकारी संघ तथा राज्य स्तर पर फेडरेशन गठित किया गया है।

वर्तमान में 4 यूनियन (तिरहुत, मिथिला, हरित एवं मगध) एवं राज्य स्तर पर बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण विपणन सहकारी फेडरेशन (वेजफेड) कार्यरत है। राज्यांतर्गत 527 प्रखंड स्तरीय सब्जी उत्पादक सहकारी समिति का गठन किया जा चुका है। अब तक 49,000 से अधिक सब्जी उत्पादक किसान इन प्रखंड स्तरीय सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों के माध्यम से जुड़ चुके हैं। प्रखंड स्तर पर गठित प्राथमिक समितियों में 10,000 वर्ग फीट भूमि पर स्थानीय उपभोक्ताओं के लिए सब्जी हाट के साथ-साथ प्रबंधन कार्यालय, मिनी कोल्ड स्टोरेज, सॉर्टिंग ग्रेडिंग शेड, सब्जी वाहनों के लिए लिफ्टिंग प्लेटफार्म आदि के निर्माण के साथ-साथ आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था की जानी है।

## दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने युवक की मोटरसाइकिल करी पार,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में दो दिन पहले दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने एक युवक की मोटरसाइकिल पार कर दी। खोजबीन के बाद परेशान होकर पीड़ित ने बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कृष्णा नगर के प्रेमनगर, आलमबाग निवासी विनोद कुमार वर्मा के मुताबिक वह बीते शनिवार 23 जुलाई को अपनी लाल-काली रंग की पैशन प्रो मोटरसाइकिल (यूपी32 जेएक्स 2452) से लखनऊ-कानपुर रोड स्थित बंथरा क्षेत्र में निर्माण कार्य की देखरेख करने आए थे। दोपहर करीब दो बजे उन्होंने मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी कर दी और काम देखने चले गए। करीब आधे घंटे बाद लौटे तो मोटरसाइकिल गायब मिली। विनोद ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने बंथरा थाने में लिखित तहरीर दी। फिलहाल बंथरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के सहारे बाइक चुराने वाले का सुराग लगाना शुरू कर दिया है।

## इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद प्रत्याशी और पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज पहुंचेंगे अमौसी एयरपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद प्रत्याशी और पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज बी. सुदर्शन रेड्डी मंगलवार सुबह अमौसी एयरपोर्ट पहुंचेगें। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता श्री रेड्डी का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत करेगें। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बब्लू ने दी। उन्होंने बताया कि इस मौके पर प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी के सभी सदस्य एयरपोर्ट पहुंचकर श्री रेड्डी का स्वागत करेंगें। उन्होंने कहा कि बी. सुदर्शन रेड्डी का नाम इंडिया गठबंधन ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए घोषित किया है। वह सुप्रीम कोर्ट के जज रह चुके हैं और न्यायपालिका में उनकी ईमानदार छवि रही है। उन्होंने कहा कि एक वरिष्ठ न्यायविद का उपराष्ट्रपति पद पर उम्मीदवार बनना लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती का संकेत है, श्री रेड्डी का अनुभव संसद की गरिमा बढ़ाएगा।

## भ्रष्टाचार में जल निगम नगरीय का एई बर्खास्त

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जल निगम नगरीय के सहायक अभियंता (एई) अंकुर श्रीवास्तव को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। उन पर पूर्व प्रभारी अधिशासी अभियंता निर्माण खंड जल निगम नगरीय बलिया के पद पर रहने के दौरान ठेकेदारों के साथ मिलीभगत करके विभाग को आर्थिक नुकसान पहुंचाने, विभागीय आदेश की अवहेलना, नियम विरुद्ध कार्य करने का आरोप है। अंकुर श्रीवास्तव से 33,45,266 रुपये की वसूली भी की जाएगी। जल निगम नगरीय के मुख्य अभियंता कार्यालय के अनुसार अंकुर श्रीवास्तव ने बलिया में तैनाती के दौरान मेसर्स सीके इंटरप्राइजेज, प्रेम सागर सिंह आसन बहदुरा बलिया, मेसर्स बहाबुद्दीन, त्रिभुवन नारायण सिंह, विपिन बिहारी सहित सात फर्मों को अनियमित व नियम विरुद्ध तरीके से स्टोर से सामग्री उपलब्ध कराई गई। जबकि इसके लिए कोई शासनादेश, विभागीय आदेश व उच्चाधिकारियों की अनुमति नहीं ली गई थी।

# दो पक्षो में खूनी संघर्ष, लोग घायल

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। नगराम थाना क्षेत्र के करोरा गांव में रविवार देर शाम व सोमवार सुबह दबंगई और हमले की दो अलग-अलग घटनाओं ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। दोनों पक्षों की ओर से थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है पहली बीते सोमवार को शाम की बताई जा रही है पीड़ित राम सुमेर पुत्र श्रीवत्स निवासी करोरा ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के ही आधा दर्जन से अधिक विपक्षीगण अचानक उनके दरवाजे पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला बोल दिया हमले में श्रद्धकुमार जगवत संवेग भगवान रामदुलारे भारतपाल फूलकुमारी व श्रीकांत समेत कई परिजनों को गंभीर चोटें आईं पीड़ित का कहना है कि विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

दूसरे पक्ष ने उसी दिन सुबह की है पीड़ित धीरज कुमार पुत्र राजाराम निवासी करोरा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि विपक्षी डब्बू पाल होरीलाल प्रजापति समेत आधा दर्जन दबंगों ने उनके पिता को गाली-गलौज देने के बाद लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया इस हमले में उनकी मां, भाभी, भतीजी समेत कई महिलाएं गंभीर रूप से जख्मी हो गईं। धीरज का कहना है कि हमला करने वालों ने जान से मार डालने की धमकी भी दी। इस संबंध में एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की गहन जांच कराई जा रही है दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है एहतियातन नगराम पुलिस ने गांव में अतिरिक्त फोर्स तैनात कर दिया है ताकि दोबारा किसी तरह की हिंसक वारदात न हो सके वहीं घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

## माया में है जीव की पराधीनता... आचार्य ज्ञानेश त्रिपाठी

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां के उतरावां गाँव में चल रही श्रीरामकथा के तीसरे दिन सोमवार को कथा व्यास आचार्य ज्ञानेश त्रिपाठी ने भक्तजनों को अनेक भावपूर्ण प्रसंग सुनाकर भक्ति का महत्व समझाया उन्होंने कहा कि मनुष्य का कर्म प्रारब्ध बनकर उसके साथ चलता है लेकिन जब जन्म-जन्मांतर के पुण्य उदय हों और प्रभु की विशेष कृपा मिले तभी कोई संत बनता है जो स्वयं भगवान से जुड़ा है वही दूसरों को भी प्रभु से जोड़ देता है कथा व्यास ने नारद मोह प्रसंग सुनाते हुए बताया कि प्रभु अपने भक्त से स्वयं पूछते हैं क्या चाहिए माया या भक्ति ?ह्वजब भक्त अंतर पूछता है तो प्रभु कहते हैं यदि तुम्हें स्वयं नाचना है तो माया ले जाओ और यदि मुझे नचाना है तो भक्ति ले जाओ जीव जिसके वश में होता है उसका नाम माया है और भगवान जिसके वश में रहते हैं उसका नाम भक्ति है उन्होंने कहा कि नारद जी जब सुंदर बनने की इच्छा लेकर प्रभु के पास पहुँचे तो भगवान ने उन्हें बंदर का रूप दे दिया क्योंकि यही उनके कल्याण का कारण था प्रभु ने उनके अभिमान को तोड़कर



भक्ति का सच्चा मार्ग दिखाया आचार्य त्रिपाठी ने कहा कि भगवान के नाम की महिमा और उनकी शरणागति ही जीवन का वास्तविक आनंद है जब मनुष्य अहंकार त्यागकर प्रभु के चरणों में समर्पित होता है तभी उसका जीवन सार्थक होता है श्रीरामकथा के तृतीय दिवस पर निगोहां क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार कार से चार बाइकें क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे लोग

अमन लेखनी समाचार



निगोहा। निगोहा थाना क्षेत्र के मस्तीपुर गांव में सोमवार की सुबह स्कॉर्पियो अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी जिससे पास में ही बने सर्विस सेंटर पर खड़ी मोटरसाइकिलों को छतिग्रस्त हो गई जनपद रायबरेली निवासी दो युवक लखनऊ से रायबरेली लौट रहे थे तभी उनकी स्कॉर्पियो अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

घटनाक्रम रायबरेली शहर के घंटाघर निवासी करण लोधी अपने साथी रामदुलारे के साथ स्कॉर्पियो से लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रहे थे जैसे ही उनकी गाड़ी मस्तीपुर गांव के पास पहुंची तभी अचानक स्कॉर्पियो का स्टेरिंग रॉड टूट गया वाहन अनियंत्रित होकर बाइक सर्विस सेंटर के बाहर खड़ी चार मोटरसाइकिलों से जा टकराया टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो करीब पचास मीटर सड़क पर पलट गई हादसे के समय आसपास बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे ग्रामीणों ने बताया कि वाहन की रफ्तार काफी तेज थी यदि समय रहते लोग हटते नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था स्थानीय निवासी रामसजीवन ने कहा कि ंगांव से गुजरने वाले बड़े वाहन अकसर तेज रफ्तार से निकलते हैं जो किसी दिन बड़ा खतरा बन सकते हैं प्रशासन को सख्ती करनी चाहिए।

घटना की सूचना पाकर निगोहा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को सड़क से हटवाया गया और यातायात बहाल कराया गया घटना में दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो के पीछे 'विधायक' लिखा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सिसेण्डी कस्बे में जलभराव, टूटी सड़क और गंदगी से त्रस्त व्यापारी

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज विकास खण्ड क्षेत्र के कस्बा सिसेण्डी की दुर्दशा ने व्यापारियों और स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है जगह-जगह जलभराव टूटी-फूटी सड़कें नालियों का जाम होना और सड़कों पर कूड़े के ढेर से कस्बा नरक का दृश्य प्रस्तुत कर रहा है इससे परेशान व्यापारियों और कस्बावासियों ने सोमवार को विकास खण्ड अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया वही कस्बा सिसेण्डी की आबादी लगभग बारह हजार है जहां मुख्य बाजार रानी बाजार और मनिहारन टोला की स्थिति बेहद खराब है रानी बाजार की सड़क पूरी तरह जलमग्न हो चुकी है सड़क तालाब जैसी दिखाई दे रही है बारिश के पानी और जाम नालियों के कारण बाजार का बड़ा हिस्सा लगातार पानी में डूबा रहता है इससे न केवल व्यापारियों की दुकानें प्रभावित हो रही हैं बल्कि खरीदारी करने आने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि सिसेण्डी जैसे बड़े कस्बे में स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है सड़कें जगह-जगह से टूटी पड़ी हैं, नालियों की सफाई महीनों से नहीं हुई है और कूड़ा निस्तारण की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं है। इससे बाजार के दोनों ओर गंदगी का अंबार लग गया है।सिसेण्डी उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष इमरान खान, महामंत्री विरेंद्र शुक्ला सोनू, उपाध्यक्ष अंजनी शुक्ला, संगठन मंत्री अब्दुल हमीद, सईद अख्तर, प्रदीप गुप्ता, संजय सिंह सहित वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार ललित दीक्षित ने बीडीओ से मुलाकात कर कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापारियों को आंदोलन का सहारा लेना पड़ेगा व्यापारियों की समस्या सुनने के बाद विकास खण्ड अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कस्बे की समस्याओं के निराकरण के लिए एडीओ पंचायत, जेई तथा सचिव डीपी सिंह की संयुक्त टीम गठित की है उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही नालियों की सफाई, सड़क की मरम्मत और कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था कराई जाएगी।

## शराब की बोतल सहित लाखों की नगदी ले उड़े चोर



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के खुजौली गांव में शनिवार की देर रात चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया चोरों ने यहां स्थित कंपोजिट अंग्रेजी और बियर की दुकान का शटर तोड़कर नकदी और शराब की बोतलें उड़ा दीं रविवार सुबह जब सफाईकर्मी ने टूटा शटर देखा तो उसने तत्काल दुकान मालिक को सूचना दी।

दुकान का लाइसेंस राधा अवस्थी के नाम से प्राप्त है, जबकि संचालन उनके पुत्र आदित्य अवस्थी करते है दुकान के सेल्समैन अनिल जायसवाल ने बताया कि वह रात करीब 10 बजे दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब सूचना मिली तो दुकान से करीब दो लाख रुपये नकद और महंगी शराब की कई बोतलें गायब मिलीं स्थानीय लोगों के मुताबिक, चोर पूरी तैयारी के साथ आए थे उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से शटर तोड़ा और अंदर घुसकर रैक व काउंटर से नकदी व शराब की बोतलें समेट लीं। चोरी की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

सूचना पर पहुंची मोहनलालगंज पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने रही एसीपी रजनीश वर्मा भी घटनास्थल पर मौके पर पहुंचे और चोरी का जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिला शव

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार रात एक मजदूर ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान गवां दी। सोमवार को सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा के भदोई गांव निवासी कमल किशोर रावत (38) अपनी पत्नी ममता के अलावा दो बेटों अनुपम 9 वर्ष व अनुराग 7 वर्ष और पिता राधेश्याम व मां राम जानकी के साथ रहकर मजदूरी करता था। राम जानकी पूर्व प्रधान हैं। पुलिस के मुताबिक कमल किशोर शराबी प्रवृत्ति का था। इसलिए उसकी पत्नी ममता से आए दिन उसका विवाद होता रहता था। इससे परेशान होकर ममता अक्सर अपने मायके चली जाती थी। ममता करीब एक माह पहले भी अपने मायके चली गई थी। तब से वह वहीं है। रविवार रात खाना खाकर कमल किशोर एक कमरे के अंदर सो गया, जबकि बच्चे अपनी दादी राम जानकी के साथ दूसरे कमरे में सो गए। सोमवार सुबह करीब 10 बजे तक जब कमल किशोर कमरे से बाहर नहीं निकला तो राम जानकी उसे बुलाने गई। लेकिन कमल किशोर के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। कई बार आवाज देने के बाद भी जब कमल किशोर ने दरवाजा नहीं खोला, तो उन्होंने खिड़की से झांक कर देखा। तब अंदर का दृश्य देखकर राम जानकी के होश उड़ गए। कमल किशोर कमरे के अंदर पंखे के हक से दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटका था। यह देख घर में चीख पुकार मच गई। उनकी आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और उनकी मदद से दरवाजा तोड़कर कमल किशोर को आनन फानन नीचे उतारा गया। बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जाँच में पता चला है मृतक शराब का आदी था, उसने शराब के नशे में ही फांसी लगाई है। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## नशे में धूत दबंगों ने युवक को पीट-पीट कर किया लहूलुहान

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में सोमवार शाम मामूली बात पर पांच लोगों ने एक युवक की लाठी डंडों से पिटाई कर बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं पीड़ित का सरोजनी नगर सीएचसी में इलाज कराया गया है। उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना अंतर्गत सरैती गांव निवासी राहुल के मुताबिक उसकी सरोजनी नगर के दरोगा खेड़ा में हेयर कटिंग की दुकान है। सोमवार शाम करीब 4 बजे वह दुकान से निकलकर कानपुर रोड पर किसी काम से आया था। राहुल का आरोप है कि तभी शराब ठेके के सामने शराब के नशे में धुत खड़ा सोनू सिंह ठाकुर नामक युवक बेवजह उससे गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर राहुल की लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह बुरी तरह लहू लुहान हो गया। गंभीर हालत में उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज जारी है। वहीं पुलिस ने राहुल की तहरीर पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बुजुर्ग को पेंशन का झांसा देकर कराया फर्जी बैनामा

अमन लेखनी समाचार




मोहनलालगंज।मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के खुजौली ग्राम पंचायत में सरकारी जमीन हड़पने का चौंकाने वाला मामला सामने आया तहसील कर्मचारियों की मिलीभगत से भू-माफियाओं ने फर्जी दस्तावेजों का खेल रचकर हरिजन आबादी दर्ज गाटा सं.1651 पर कब्जा जमाए रखा अदालत के आदेश और जुमार्ना लगने के बावजूद अवैध निर्माण तोड़ा नहीं गया उल्टा अब पेंशन का लालच देकर फर्जी बैनामा करा डाला गया शिकायतकर्ता सोहन पुत्र स्व.पांचू, अशिक्षित व वृद्ध हैं वही मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में सनसनीखेज खुलासा किया है उनका आरोप है कि विपक्षी हरिश्चन्द्र यादव अनुज यादव और बृजेश सिंह उन्हें वृद्धा पेंशन बनवाने के बहाने तहसील ले गए और दबाव बनाकर फर्जी बैनामा करा लिया बैनामे में17.5 लाख का सौदा दिखाया गया और दो चेक (9 लाख व 8.5 लाख) का हवाला दिया गया, लेकिन खाते में एक रुपया तक नहीं पहुँचा ग्रामीणों का कहना है कि जांच में ये चेक फर्जी साबित होंगे दरअसल, उक्त गाटा हरिजन आबादी की भूमि है।

इस पर पूर्व में चल रहा मुकदमा संख्या 5487/2015 पहले ही खारिज हो चुका है और विपक्षियों पर 25,000 का जुर्माना लगाते हुए कब्जा छोड़ने का आदेश हुआ था। बावजूद इसके हरिश्चन्द्र यादव की दुकानें आज भी जमीन पर खड़ी हैं पूर्व प्रधान प्रतिनिधि चन्द्र शेखर यादव ने इस पूरे फर्जीवाड़े का विरोध करते हुए चौकी प्रभारी खुजौली को सूचना दी थी। धारा 145 के तहत आदेश भी कराया गया था कि इस जमीन पर कोई निर्माण न हो, लेकिन आदेश ताक पर रखकर दबंगई से कब्जा कायम रहा। अब नए फर्जी दस्तावेज बनवाकर सरकारी जमीन को वैध दिखाने की कोशिश हो रही है।

## यूपी में हाई-टेक होगी गन्ने की खेती

### कीटनाशक छिड़काव के लिए खेतों में उतरे 329 ड्रोन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बारिश और जलभराव से गन्ने की फसल पर रोग और कीट का खतरा बढ़ गया है। इससे बचाव के लिए गन्ना विकास विभाग ने खेतों में कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के लिए 329 ड्रोन लगाए हैं। इन ड्रोन की मदद से अब तक 24,218 हेक्टेयर गन्ना क्षेत्र में स्प्रे किया जा चुका है। खास बात यह है कि जिन खेतों में जलभराव के कारण मशीन या हाथ से छिड़काव करना मुश्किल था, वहां भी ड्रोन आसानी से दवा पहुंचा रहे हैं। गन्ना पौधों की जड़ सड़ने, सफेद मक्खी, जड़ बेधक, चोटी बेधक और रेड राट जैसे रोग और कीट तेजी से फैल रहे हैं। इनसे बचाव के लिए वैज्ञानिकों द्वारा सुझाए गए कीटनाशकों का इस्तेमाल करने की सलाह किसानों को दी गई है। साथ ही, चीनी मिलें किसानों को लाइट ट्रैप मशीनें भी उपलब्ध करा रही हैं। मुख्यालय ने सभी उप गन्ना आयुक्तों, जिला गन्ना अधिकारियों और चीनी मिल प्रबंधकों को रोज फील्ड में जाकर किसानों से संवाद करने और उन्हें रोग-कीट से बचाव के उपाय बताने के निर्देश दिए हैं। विभाग का कहना है कि किसान समय से कीटनाशक छिड़काव जरूर करें, ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके। साथ ही जंगली जानवरों से फसल और जान-माल की सुरक्षा को लेकर भी सावधानी बरतने की अपील की गई है। किसान किसी भी समस्या या सुझाव के लिए विभाग के टोल फ्री नंबर 18001213203 पर संपर्क कर सकते हैं।

# अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला दिल्ली से पहुंचे लखनऊ एयरपोर्ट

### डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला सोमवार को दिल्ली से सुबह 8:15 बजे एयर इंडिया की फ्लाइट (एआई 2499) से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे। जहां शुभांशु शुक्ला का सीएमएस के छात्र-छात्राओं के अलावा भाजपा कार्यकताओं द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष यात्रा के बाद पहली बार राजधानी लखनऊ पहुंचे हैं। उनके स्वागत में लखनऊ एयरपोर्ट पर पहले से ही सीएमएस के बच्चे मौजूद थे। साथ ही प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी सहित कई अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने शुभांशु शुक्ला को एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग से बाहर निकलते ही सबसे पहले सीएमएस के स्टाफ ने तिलक लगाकर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। एस्ट्रोनॉट की वेशभूषा में मौजूद बच्चे हाथों में तिरंगा झंडा भी लिए थे। इसके अलावा डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने शुभांशु को रिसीव कर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के तमाम कार्यकर्ता भी हाथों में तिरंगा लिए ढोल नगाड़ों के साथ भारत माता की जय के नारे लगाते रहे। पूरा एयरपोर्ट उनके नारों से गूंजता रहा। बताते चलें कि शुभांशु शुक्ला लखनऊ के रहने वाले हैं और करीब 18 महीने बाद वह अपने शहर पहुंचे हैं। वह एक्सियोम-4 मिशन के तहत 20 दिन तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएस) पर रहने के बाद 15 जुलाई 2025 को धरती पर लौटे थे। इसके बाद 17 अगस्त को भारत पहुंचे और 18 अगस्त को पीएम मोदी ने उनसे मुलाकात की थी। शुभांशु शुक्ला का यहां एयरपोर्ट वीआईपी रोड स्थित लक्ष्मण चौक के अलावा अन्य कई जगहों पर भी जोरदार स्वागत किया गया।

## आजम खां को जेल भिजवाने वाले आईएएस आंजनेय कुमार सिंह की प्रतिनियुक्ति एक साल फिर बढ़ी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। केंद्र सरकार ने वर्ष 2005 बैच के सिक्किम काडर के आइएएस अधिकारी आंजनेय कुमार सिंह की प्रदेश में प्रतिनियुक्ति एक वर्ष के लिए फिर बढ़ा दी है। अब वह अगस्त 2026 तक प्रदेश में तैनात रहेंगे। हालांकि सोमवार रात तक नियुक्ति विभाग को उनकी प्रतिनियुक्ति बढ़ने का केंद्र से कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। आंजनेय कुमार वर्ष 2015 में उत्तर प्रदेश प्रतिनियुक्ति पर आए थे। उनकी सातवीं बार प्रतिनियुक्ति की अवधि बढ़ी है। प्रदेश में तैनाती के दौरान वे बुलंदशहर, फतेहपुर और रामपुर के जिलाधिकारी रह चुके हैं। इसके बाद उन्हें मार्च, 2021 में मुरादाबाद का मंडलायुक्त बना दिया गया था। उनकी प्रतिनियुक्ति इसी 14 अगस्त को समाप्त हो गई थी। इसके बाद वो 60 दिन के अवकाश पर चले गए थे। उन्होंने अपना प्रभार मुरादाबाद के डीएम को सौंप दिया था। गौरतलब है कि आंजनेय रामपुर में जब जिलाधिकारी थे तब सबसे अधिक चर्चा में आए थे। फरवरी 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने सपा नेता आजम खां के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कार्रवाई की थी। इस दौरान आजम द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी ने भी उन्हें सुर्खियों में ला दिया था। उन्होंने आजम के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज कराए थे।

## संक्षेप

### तालाब में उतराता मिला युवक का शव परिजनो ने जताई की हत्या की आशंका

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के गांव हरदास पुर में एक अधेड़ का शव सोमवार को सुबह तालाब में उतराता मिला। मृतक के भाई की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र केअंतर्गत गाँव हरदासपुर निवासी शम्भू (45) पुत्र स्व० खेमराज 23 अगस्त को शाम घर से लापता हो गए थे। सोमवार को सुबह ग्रामीणों ने गांव के पास एक तालाब में शम्भू का शव उतराता देखा तो हड़कंप मच गया। मृतक के छोटे भाई श्यामसुन्दर ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व गाँव में विवाद हुआ था। झगड़े के बाद वह बहन के यहां बांगरमऊ चला गया था। 23 अगस्त को शाम घर आया था। माँ महादेई ने फोन से बताया कि शम्भू शाम को घर आए थे। खेत से वापस घर जाने पर शम्भू घर पर नही था। उनकी चप्पल पड़ी थी तो तलाश शुरू हुई।परिजन शम्भू की तलाश करते रहे। सोमवार को शव सुबह तालाब में उतराता मिला। मृतक अविवाहित था। दो भाई तीन बहनों में दूसरे नम्बर पर था। शम्भू की मौत से परिजन रो रोकर बेहाल हैं। मृतक के भाई ने हत्या की आशंका जताई है। एस ओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के भाई की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### अनियंत्रित डीसीएम पलटी, चालक परिचालक घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मध्यप्रदेश से हरी मिर्च लेकर असम जा रही डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन एल्यूमीनियम सेफ्टी गार्ड को तोड़ते हुए 20 फीट गहरी खाई में जा गिरा। जिससे चालक व खलासी दोनों घायल हो गए। डीसीएम खाई में पलटने से मिर्ची लदे बोरे इधर उधर बिखर गए। यूपीडा रेस्क्यू टीम ने पहुँचकर रेस्क्यू किया। घटना रविवार की शाम करीब 5 बजे हुई। वाहन लगभग 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से जा रहा था। तभी अचानक अनियंत्रित होकर डीसीएम ने एल्युमिनियम सेफ्टी गार्ड को तोड़ते हुए 20 फीट गहरी खाई में पलट गई। हादसे में चालक बहारअली (32) और खलासी अबू सुफियान गाजी (28) घायल हो गए।दोनों असम के बंगईगांव जिले के गैरीमरी गांव के रहने वाले हैं। वे मध्यप्रदेश के खरगौन से हरी मिर्च के बोरे लेकर असम जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।इस मामले में बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि डीसीएम पलटने से चालक और खलासी घायल हुए है।

## बाढ़ का पानी हुआ कम पर ग्रामीणों की मुश्किलें बरकरार



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। सदर तहसील परियर क्षेत्र में बाढ़ का पानी घटने के बाद भी समस्याएं बनी हुई हैं, जैसे घरों और फसलों को हुए नुकसान, जल निकासी की समस्या और दूषित पानी के कारण बीमारियों का खतरा। नदी का पानी आमतौर पर बाढ़ के बाद धीमी गति से मुख्य नालों और नदी में वापस लौटता है, और इसी दौरान यह पीछे छूटे मलबा और कचरा भी अपने साथ ले जाता है, जिससे स्थानीय स्तर पर नई परेशानियां पैदा होती हैं। मलबे को हटाने और सड़कों को साफ करने की आवश्यकता है ताकि लोगों की आवाजाही आसान हो सके।खेतों में पानी भरने से फसल बर्बाद हो गई है, जिससे किसानों की आजीविका प्रभावित हुई है।दूषित पानी और जल जमाव के कारण बीमारियाँ फैलने का खतरा बढ़ गया है, जिसके लिए स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता है।प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत और सहायता प्रदान की जानी चाहिए, जिसमें आश्रय, भोजन और चिकित्सा सहायता शामिल है।तहसील प्रशासन की ओर से बाढ़ पीड़ितों को लगातार मदद पहुंचाई जा रही है। लोगो तक भोजन के पैकेट और आवश्यक सामान पहुंचाने के लिए प्रशासनिक टीमें जुटी हुई है लेकिन ग्रामीणों की मुश्किलें अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। प्रभावित क्षेत्र में संघर्ष जारी प्रशासन के प्रयासों के बावजूद जीवन पटरी पर लौटने में वक्त लगेगा।किसान परेशान है क्योंकि उसकी जीविका का साधन बाढ़ के पानी में बर्बाद हो गया है देवीपुरवा, पनपथा, टपरा, बेनीपुरवा, बंदनपुरवा, मानाबंगला, चंडीबांग्ला, कोलवा, मरौंदा मझवारा, मरौंदा सूचित, जैसे दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में फसल पानी में डूब गई ग्रामीण मनोज,सुरेश,नरेश,देवी प्रसाद, रामकिशन, घसीटे,दीपक, रजनीश आदि ग्रामीणों ने बताया सबसे ज्यादा नुकसान धान, तिल,उड़द, मूंग जैसी खरीफ फसलों के साथ-साथ लौकी,तोरी जैसी सब्ज़ियों का हुआ है।कई किसानों का कहना है कि खेतों में पानी भरने से न सिर्फ मौजूदा फसल बर्बाद हो गई है बल्कि आगामी बुवाई पर भी संकट खड़ा हो गया है।

## युवक हुआ लापता, पिता ने एसपी से की कार्यवाही की मांग

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। खेत की सिंचाई करने गया युवक लापता हो गया खोजबीन के बाद पिता ने एक लड़की के परिजनों पर पुत्र को जबरन ले जाने का आरोप लगाते हुए पुत्र के साथ कोई अनहोनी घटना की आशंका जताते हुए कप्तान से कार्यवाही की मांग की है। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव तेरवा निवासी सोनेलाल पुत्र नन्हकई ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर कहा है कि उसका पुत्र पवन बीते 21 अगस्त को दोपहर करीब खेत की सिंचाई करने गया था जिसके बाद रात्रि करीब 8:30 बजे जब वह खेत पहुंचे तो पुत्र नहीं मिला जिसके बाद जानकारी पर ज्ञात हुआ कि थानाक्षेत्र के ही गांव अरगूपुर निवासी एक व्यक्ति उसके पुत्र को जबरन बाइक पर बैठाकर लिवा ले गया है पिता ने कहा है उसे पता चला है कि उसका पुत्र विपक्षी की पुत्री से पिछले करीब एक वर्ष से बातचीत करता था जिसकी रंजिश में उसके पुत्र को गायब कर दिया गया है साथ ही कहा है कि बीते 22 अगस्त को उसने थाना पहुंच पुत्र के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी किंतु पुलिस बरामद नहीं कर सकी ।पीड़ित ने कप्तान से कहा है कि यदि जल्द ही पुत्र को बरामद नहीं किया गया तो विपक्षी पुत्र की हत्या कर गायब कर देंगे। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## सई नदी पुल का मार्ग धंसा, आवागमन हुआ बाधित



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में रसूलपुर बकिया मार्ग पर सई नदी पुल का एप्रोच मार्ग रविवार की सुबह धंस गया। सड़क पर 20 फीट गहरा गड्ढा बन गया है।इससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है।सोमवार को एसडीएम प्रज्ञा पांडे ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा कारणों से ग्रामीणों को पुल पार न करने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व टीम को ग्रामीणों को एक जगह एकत्रित कर पुल पार न जाने देने के आदेश दिए हैं।रसूलपुर बकिया के किसानों का कहना है कि पुल के दूसरी तरफ उनकी फसलें हैं, जो बर्बाद हो रही हैं। आसपास के ग्रामीणों को अब 20 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है। प्रशासन ने गड्ढे में डंपर से मिट्टी डालने का काम शुरू कर दिया है।सई नदी का जलस्तर बढ़ने से सड़क पर पानी बह रहा है। इस स्थिति से आसपास के गांवों के बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई है। प्रशासन का कहना है कि नदी का जलस्तर कम होने के बाद ही संबंधित विभाग से मरम्मत का काम कराया जाएगा।

## परिषदीय विद्यालय का एसडीएम ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। कस्बा स्थित परिषदीय विद्यालय का औचक निरीक्षण एसडीएम ने किया जहां सब ठीक मिला। छात्र व शिक्षक उपस्थित थे। मध्यान्ह भोजन मेन्यू के अनुसार पाया गया। सोमवार को उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने कस्बा के कटरा स्थित प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों की शैक्षिक गुणवत्ता को परखा। एसडीएम ने छात्रों से सामान्य ज्ञान के प्रश्नों को पूछा जिसका समुचित जवाब छात्रों ने दिया। नामांकित छात्र संख्या 130 के सापेक्ष 125 उपस्थित रहे जबकि चार शिक्षक व 2 शिक्षामित्रों में एक अवकाश पर होने के कारण शेष सभी उपस्थित रहे। स्कूल भवन जर्जर होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने परिसर का निरीक्षण किया और उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर सूचित करने का आश्वासन दिया। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय ठीक प्रकार से संचालित है। किसी भी प्रकार की कोई अनियमितता नहीं पाई गई।

## पिकअप डाला ने कूड़ा गाड़ी को मारी टक्कर, चालक समेत दो सफाई कर्मी घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। थाना आसीवन क्षेत्र के सण्डीला मार्ग पर नगर पंचायत हैदराबाद की कूड़ा गाड़ी पिकअप डाला को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप चालक और दो सफाईकर्मी घायल हो गए। घटना हनुमान मंदिर के समीप हुई। पिकअप डाला एमआरएफ सेंटर पर कूड़ा डालने जा रहा था। पिकअप में चालक अजय सिंह और सफाईकर्मी राम औतार व रविंद्र सवार थे। अजय सिंह हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के शेखूपुर तरड्या के रहने वाले हैं। वह नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग से चालक हैं। राम औतार और रविंद्र हैदराबाद के इंद्रा नगर द्वितीय के निवासी हैं। राम औतार संविदाकर्मी हैं, जबकि रविंद्र आउटसोर्सिंग कर्मचारी हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को मियागंज सीएचसी ले जाया गया। चालक अजय सिंह की हालत गंभीर होने के




कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।चौकी प्रभारी हैदराबाद राम औतार ने बताया कि ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ट्रक नंबर के आधार पर चालक की तलाश कर रही है।

## खाद के लिए किसान परेशान सहकारी समिति प्रांगड़ में लगी लाइन



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र में खाद की कमी से किसान परेशान हैं। सोमवार को साधन सहकारी समिति प्रांगण में किसानों की लंबी कतार देखी गई। सहकारी क्रय-विक्रय समिति और सहकारी संघ पर सुबह से ही किसान जमा थे। टोकन लेने के बावजूद कई किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल पाई। मांग अधिक होने और स्टॉक कम होने से नाराज लगभग 50 किसानों ने कोतवाल के पास जाकर शिकायत दर्ज कराई। किसानों का कहना है कि गोदाम पर जाने पर हर बार यही जवाब मिलता है कि खाद का स्टॉक पर्याप्त नहीं है। किसान मूलचंद पाल, सरजू प्रसाद, गंगाराम, रोहित कुमार, संजीव कुमार, लक्ष्मीनारायण और देवीप्रसाद ने बताया कि खाद न मिलने से उनकी धान और मक्का की फसल पीली पड़ गई है। इससे उन्हें नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। अधिकारियों ने किसानों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत किया। प्रशासन ने जल्द ही अतिरिक्त खाद की आपूर्ति का आश्वासन दिया है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो उनकी मेहनत व्यर्थ हो जाएगी।

## दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

पाटन, उन्नाव। विकास खण्ड सुमेरपुर में आज तिलहनी फसलों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र धौरा उन्नाव एवं कृषि विभाग उन्नाव द्वारा नेशनल मिशन ऑन एडिबिल (आयल सीड) योजना अंतर्गत दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम की विकासखंड सुमेरपुर, उन्नाव में शुरूआत की गई। यह प्रशिक्षण *25.08.2025 से 26.08.2025* तक चलेगा । प्रशिक्षण में कुल 30 प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य तिलहन उत्पादक किसानों को जागरूक करना एवं तिलहन फसल की उन्नतशील खेती करना है, जिससे जिले की तिलहन उत्पादन का क्षेत्रफल और अधिक बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक सुनील सिंह ने किसानों को तिलहन की उन्नत प्रजातियों, उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकियों एवं आई पी एम तकनीकी पर विस्तार से चर्चा की साथ ही खेतों में खड़ी खरीफ फसलों के उत्पाद को बेहतर करने हेतु प्रमुख सावधानियों एवं कृषि तकनीकियों की जानकारी भी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ जय कुमार यादव ने किसानों को तिलहन फसलों में पोषक तत्व प्रबंधन, रोग प्रबंधन, कीट प्रबंधन के बारे में जानकारी दी एवं किसानों को खरीफ की विभिन्न फसलों में पोषक तत्वों की कमी से आने होने वाले रोगों के लक्षणों व उसके निवारण हेतु उपयोग मे लाए जाने वाले उर्वरकों के विषय पर जानकारी दी व मृदा स्वास्थ्य को बेहतर करने हेतु विभिन्न पहलुओं पर भी जानकारी साझा की । बीज भंडार प्रभारी अमित कुमार कटियार ने कृषि विभाग की प्रमुख जानकारी से कृषकों को अवगत कराया।

## फांसी लगाकर युवक ने अपनी जीवन लीला की समाप्त



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के जालिम खेड़ा गांव में निवासी रामनरेश 35 वर्ष पुत्र जयराम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह जब गांव में इस घटना की खबर फैली तो बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए। बदरका चौकी के इंचार्ज लक्ष्मीकांत अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भेज दिया। पुलिस घटना की हर पहलू से जांच कर रही ग्रामीणों के मुताबिक रामनरेश एक सीधा-साधा और मिलनसार व्यक्ति था। परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्होंने कभी किसी से कोई विवाद नहीं किया। वह हमेशा शांत और सादगीपूर्ण जीवन जीते थे। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस घटना की हर पहलू से जांच कर रही है। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। चौकी इंचार्ज के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## गणेश चतुर्थी महोत्सव की तैयारियां जोरो पर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शुक्लागंज नगर में गणेश चतुर्थी महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। रविवार रात को नगरवासियों ने गणेश प्रतिमा का आगमन कराया। स्थानीय लोग इस प्रतिमा को ‘नगर के राजा’ के नाम से पुकार रहे हैं। विशाल शोभायात्रा के रूप में गणेश प्रतिमा को नगर में लाया गया। श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगा रहे थे। मार्ग में जगह-जगह फूलों की वर्षा की गई। ढोल-नगाड़ों और बाजों की धुन पर भक्त नृत्य कर रहे थे।नगर की राजधानी मार्ग पर भक्तों की भारी भीड़ जमा हुई। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी प्रतिमा के दर्शन के लिए उमड़े। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। शोभायात्रा के दौरान मुख्य सड़कों पर यातायात प्रभावित हुआ। वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस प्रशासन को भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था के लिए विशेष



प्रयास करने पड़े। आयोजन समिति के अनुसार, दस दिवसीय महोत्सव में प्रतिदिन विशेष पूजा, हवन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। भजन संध्या और आरती का भी आयोजन किया जाएगा।

## बाढ़ से बचाव के लिए एसडीआरएफ की तैनात

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु के निशान से ऊपर बहने के कारण उन्नाव के तटीय मोहल्लों में बाढ़ का खतरा बढ़ा है। प्रशासन ने एहतियातन श्रावस्ती से एसडीआरएफ की 35 सदस्यीय टीम को शुक्लागंज बुलाया है। टीम को मरहला चौराहा स्थित एक गेस्ट हाउस में ठहराया गया है। एसडीआरएफ की टीम नाव, लाइफ जैकेट, रस्से और प्राथमिक चिकित्सा किट से लैस है। अफसरों के निर्देशन में टीम ने तटीय इलाकों का निरीक्षण शुरू कर दिया है। स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की पहचान की गई है।भाटू फार्म, गायत्री नगर और अंबिकापुरम सहित निचले इलाके सबसे अधिक संवेदनशील हैं। एसडीआरएफ की टीम इन क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को बाढ़ से जुड़ी सावधानियों के बारे में जागरूक कर रही है। टीम लोगों को बिजली के खंभों, जर्जर दीवारों और तेज धारा से दूर रहने की सलाह दे रही है। प्रशासन राहत शिविरों में भोजन, पेयजल और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। एसडीआरएफ की मौजूदगी से स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं।

## चोरों का आतंक जारी ट्यूबल से मोटर किया पार



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र ग्राम पंचायत आदमपुर भाषी के मजरे जाजू मऊ में रणबीर पुत्र स्व नारायण का एक सड़क के किनारे ट्यूबल है, जिसमें मोटर रखी थी। इस ट्यूबल की देखरेख राम बहादुर पुत्र छोटेलाल गांव के ही व्यक्ति द्वारा की जाती थी।

कल रात जब राम बहादुर खाना खाने 9:00 बजे के करीब घर गए और वापस आने के समय बारिश होने लगी, जिससे वह घर पर ही रुक गए। जब सुबह 4:00 बजे खेत पहुंचे तो उन्होंने देखा कि गेट का ताला टूटा पड़ा है और अन्दर ट्यूबल की मोटर रखी थी अंदर जाकर देखा तो ट्यूबल की मोटर नहीं थी, जिसे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी।रणवीर को जब यह बात पता चली तो उन्होंने तुरंत 112 पर फोन करके सूचना दी जिससे पुलिस मौके पर पहुंच के घटना स्थल का मुआयना किया ।।

रणबीर ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र भी दिया है कि अज्ञात चोरों द्वारा उनकी मोटर चोरी कर ली गई है।हसनगंज क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। पुलिस को चाहिए कि वह चोरों को पकड़ने के लिए सख्त कदम उठाए और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करे।कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया है कि मामले का खुलासा करके जल्द ही चोरों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया है कि चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम काम कर रही है।

## सीएम पर अभद्र टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करते हुए वॉट्सएप स्टेट्स लगाया गया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। सूबे के मुख्यमंत्री द्वारा शाहजहांपुर के जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी रखने के आदेश पर बेहद अभद्र टिप्पणी लिखकर वीडियो वॉट्सएप स्टेट्स पर लगाया गया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर हो गया ।जिसको संज्ञान में लेकर जांच पड़ताल में जुटी पुलिस ने कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला गुरथनिया निवासी रब्बानी पुत्र मंसूर खा को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया। कोतवाल चंद्रकांत ने बताया है मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई मारपीट, एक घायल

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर उन्नाव। मूर्ति विसर्जन के दौरान शारदा नहर पुल पर युवकों में विवाद हो गया एक युवक ने एक युवक को धक्का मार दिया जिससे युवक सर के बल नहर में गिर कर गंभीर रूप से हुआ घायल हो गया कोतवाली बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंसारी अमित सिंह पुत्र शिव बहादुर सिंह ने थाने में तहरीर दिया कि मेरा छोटा भाई अंकित सिंह उर्फ नन्हके आयु लगभग 30 वर्ष गांव में श्री कृष्ण मूर्ति विसर्जन यात्रा में शामिल होने के दौरान विसर्जन करते समय शारदा नहर कार्यक्रम स्थल खेमई खेड़ा गांव के निकट शारदा नहर पुल पर मेरा भाई खड़ा होकर विसर्जन देख रहा था तभी गांव की ही सत्यम सिंह पुत्र शेर बहादुर ने पीछे से धक्का मार दिया जिससे नहर के अंदर सर के बल मेरा भाई गिर पड़ा गंभीर चोट लगने पर मौजूद लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लोहचा ले गए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया जिला अस्पताल में इलाज के दौरान स्थिति सुधारने नहीं पर बिगड़ती हालत देख डॉक्टरों ने तत्काल कानपुर हैलेट के लिए रेफर कर दिया जहां इलाज चल रहा है भ तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिय

## गंगा नदी के जलस्तर में आई गिरावट बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का नायब तहसीलदार ने किया दौरा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगा का जलस्तर लगातार चार दिनों से कम हो रहा है। केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक पिछले 36 घंटों में जलस्तर में 14 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई है। शनिवार शाम 6 बजे जलस्तर 112.900 मीटर था। यह रविवार शाम 6 बजे घटकर 112.790 मीटर हो गया। सोमवार सुबह यह और कम होकर 112.760 मीटर पर पहुंच गया। जलस्तर खतरे के निशान 113 मीटर से नीचे आ गया है। लेकिन अभी भी यह चेतावनी स्तर से ऊपर है।बाढ़ से लगभग तीन हजार परिवार प्रभावित हुए हैं। सैकड़ों परिवारों को अपने घर खाली कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। कुछ लोग मजबूरी में अपने मकानों की छतों पर रह रहे हैं। प्रशासन ने राहत कार्य के लिए 57 नावें तैनात की हैं। नायब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई परिवार वायरल बुखार और पेट की बीमारियों से पीड़ित हैं। लोगों ने मेडिकल टीम न पहुंचने की शिकायत की। नायब तहसीलदार ने मेडिकल टीम भेजने का आश्वासन दिया है।

## सम्पादकीय

# गंभीर आरोप लगने पर पदेन रहना उचित नहीं

कानून की नजर में सब समान है। अगर कोई सरकार में पदेन व्यक्ति किसी गंभीर अपराध में आरोपी है, तो उन्हें इंसाफ होने तक पद से मुक्त होना चाहिए। अफसरों कर्मियों पर यह नियम लागू है, लेकिन केंद्रीय मंत्री, पीएम, सीएम व राज्य के मंत्री अब तक बचे हुए हैं। अब सरकार 130वें संविधान संशोधन विधेयक लेकर आई है। मानसून सत्र के आखिर में इस बिल को संसद के पटल पर रखा गया है, इसे अभी सिलेक्ट कमेटी को भेजा गया है, लेकिन इस पर विपक्ष आक्रोशित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के गयाजी में इस बिल को केंद्र में रखकर विपक्षी दलों को सीधा संदेश दिया है कि किसी भी दबाव में सरकार पीछे नहीं हटेगी, अब भ्रष्टाचारी जेल जाएंगे और कुर्सी भी छोड़नी पड़ेगी। सवाल है कि संशोधन बिल की जरूरत क्यों पड़ी और क्या सरकार की मंशा साफ है? या विपक्ष का संदेह जायज है कि कहीं इस कानून की आड़ में सरकार विपक्षी दलों की सरकारों को परेशान तो नहीं करेगी? विपक्ष की कानून के दुरूपयोग किए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है, लेकिन किसी गंभीर आरोपी का पद पर बने रहना भी लोकतंत्र की नैतिकता के लिए ठीक नहीं है। मंत्री अगर आरोपी रहने पर भी पद से चिपके रहेंगे, तो पद की गरिमा भी कम होगी और कानूनी प्रक्रिया में भी असहजता उत्पन्न होगी। जेल से कोई सरकार चलाए, यह सरकार के प्रति जनविश्वास के लिए ठीक नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गत 20 अगस्त को लोकसभा में 130वां संविधान संशोधन बिल 2025, गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज संशोधन बिल 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025 पेश किया। इन बिलों में प्रावधान है कि अगर केंद्रीय मंत्रिपरिषद का कोई मंत्री, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या राज्यों के मंत्री को ऐसे गंभीर अपराधों में गिरफ्तार किए जाते हैं, जिनमें कम से कम पांच साल की जेल हो सकती है और उन्हें लगातार 30 दिन हिरासत में रखा जाता है, तो 31वें दिन उन्हें पद से हटा दिया जाएगा। राजनीति में कम से कम दो ऐसे उदाहरण हैं जिससे इस बिल के महत्व को समझा जा सकता है। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में 156 दिन तिहाड़ जेल में रहे, लेकिन उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया। इसी तरह तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी 8 महीने तक जेल में रहने के बावजूद मंत्री बने रहे। सेंथिल को आखिर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद इस्तीफा देना पड़ा था। संविधान के अनुच्छेद 75 में प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के गठन के बारे में प्रावधान किया गया है। अब नए संशोधन के मुताबिक, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सलाह पर आरोपित मंत्री को पद से हटा देंगे। यदि प्रधानमंत्री सलाह नहीं देते तो 31वें दिन के बाद वह मंत्री अपने आप पद से हटा हुआ मान लिया जाएगा। अगर प्रधानमंत्री खुद कार्यकाल के दौरान 30 दिन लगातार ऐसे आरोप में जेल में रहे हैं, तो उन्हें 31वें दिन तक इस्तीफा देना होगा। यदि इस्तीफा नहीं दिया, तो उनका पद खुद ही समाप्त मान लिया जाएगा। संविधान का अनुच्छेद 164 राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मंत्रिमंडल से संबंधित है। राज्य के मुख्यमंत्रियों व मंत्रियों के लिए भी राज्यपाल के द्वारा ऐसे ही नियम होंगे। अपराधमुक्त होने पर वे दोबारा पीएम, सीएम या मंत्री बन सकते हैं। दिल्ली के सीएम व मंत्रिपरिषद से संबंधित अनुच्छेद 239एए में भी संशोधन होगा। देश में एक ऐसे बिल की भी जरूरत है, जिसमें पद पर रहते हुए पीएम, केंद्रीय मंत्री, सीएम, राज्य के मंत्री चुनाव प्रचार में शामिल हो सकें।



मानसून सत्र
प्रो . नीलम महाजन सिंह

संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर जमकर हंगामा किया। ख़ासकर बिहार में एसआईआर का मुद्दा सदन के अंदर व बाहर छाया रहा। विपक्षी सांसद सदन में एसआईआर पर चर्चा की मांग उठाते रहे, जिसके बाद 22 अगस्त को संसद को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया। इस सत्र में लोकसभा में 12 विधेयक पारित हुए व 419 प्रश्न शामिल किए गए। विपक्ष के हंगामे पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन में गरिमापूर्ण तरीके से चर्चा होनी चाहिए। संसद को ना चलने देना, विपक्ष की पराजय है, परंतु संसद को नियंत्रित कर सुचारु रूप से नहीं चला पाना, सरकार की विफलता भी है। इससे लोकतांत्रिक प्रणाली पर धब्बा अंकित होता है।

# संसदीय मर्यादा का तिरस्कार क्यों?

संसद को प्रजातंत्र का मंदिर माना जाता है। जनता के द्वारा चुने हुए व्यक्ति संसद में आतें है। फ़िर ऐसा क्यों होता है कि केन्द्रीय सरकारों व विपक्ष के बीच सहयोग नहीं बनता? बिल, बिना चर्चा के पारित हो रहे हैं। युवा पीढ़ी के समक्ष क्या उदाहरण दिया जा रहा है? संसद के मानसून - 2025 सत्र में आम आदमी के सवाल धुल गए। 21 जुलाई, संसद के मानसून सत्र का आखिरी दिन हंगामेदार था। विपक्ष वोटर लिस्ट में संशोधन समेत अलग-अलग मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में थी। सत्र की शुरुआत से अंतिम दिन तक, लगभग पूरा सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया।

बीते एक महीने में संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर जमकर हंगामा किया। ख़ासकर बिहार में एसआईआर का मुद्दा सदन के अंदर व बाहर छाया रहा। विपक्षी सांसद सदन में एसआईआर पर चर्चा की मांग उठाते रहे, जिसके बाद 22 अगस्त को संसद को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया। इस सत्र में लोकसभा में 12 विधेयक पारित हुए व 419 प्रश्न शामिल किए गए। विपक्ष के हंगामे पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन में गरिमापूर्ण तरीके से चर्चा होनी चाहिए। पीएम नरेंद मोदी ने मानसून सत्र को 'विजयोत्सव सेशन' बताया था। इसके बाद भी सदन में पहले दिन से आखिरी दिन तक विपक्ष ने हंगामा जारी रखा। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन अहम बिल पेश किए। विपक्ष ने इन तीनों बिलों का विरोध किया। विपक्ष के हंगामे के बीच 'ऑनलाइन मनी गेम्स' पर पूरी तरह से बैन लगाने वाले 'ऑनलाइन गेमिंग प्रमोशन और रेगुलेशन बिल : 2025' को संसद के दोनों सदनों में पारित किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन, विपक्ष को लेकर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्ष चर्चा में शामिल हो सकता था लेकिन उसने जमकर हंगामा किया। स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष के रवैये को निराशापूर्ण बताया। बिरला ने कहा कि जनता को अपने प्रतिनिधियों से बहुत उम्मीदें होती हैं, इसलिए उन्हें सदन में अपने समय का उपयोग जनहित की समस्याओं और मुद्दों तथा महत्वपूर्ण विधेयकों पर गंभीर और सार्थक चर्चा के लिए करना चाहिए। हम सभी का दायित्व है कि हम सदन में स्वस्थ परंपराओं के निर्माण में सहयोग करें। इस गरिमामयी सदन में हमें नारेबाज़ी और व्यवधान से बचते हुए गंभीर और सार्थक चर्चा को आगे बढ़ाना चाहिए. संसद सदस्य के रूप में हमें अपने कार्य और व्यवहार से देश और दुनिया के समक्ष एक आदर्श स्थापित करना चाहिए। सदन और संसद परिसर में हमारी भाषा सदैव संयमित और मर्यादित होनी चाहिए। लोकसभा स्पीकर ने सदन की कार्यवाही में सहयोग के लिए पीएम मोदी, सभापति तालिका पर विराजमान सहयोगियों, केंद्रीय मंत्रिगणों,नेता प्रतिपक्ष, विभिन्न दलों के नेताओं, माननीय सदस्यों, प्रेस और मीडिया के प्रतिनिधियों, लोकसभा सचिवालय और संबद्ध एजेंसियों का धन्यवाद अदा किया। राज्यसभा की कार्यवाही 38.6 घंटे चली। वहीं लोकसभा की कार्यवाही 36.1 घंटे चली।

लोकसभा व राज्य सभा में मर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं हुआ। संसद परिसर में नारेबाज़ी करना, तख्तियां दिखाना और नियोजित गतिरोध संसदीय मर्यादा



को आहत करता है। सत्र में जिस प्रकार की भाषा व आचरण को देखा गया, वह संसदीय गरिमा के अनुकूल नहीं है। हम सभी का दायित्व है कि हम सदन में स्वस्थ परंपराओं के निर्माण में सहयोग करें। हमें नारेबाज़ी व व्यवधान से बचते हुए गंभीर और सार्थक चर्चा को आगे बढ़ाना चाहिए था। संसद सदस्य के रूप में सांसदों को अपने कार्य व व्यवहार से देश और दुनिया के समक्ष एक आदर्श स्थापित करना चाहिए।

संसद परिसर में हमारी भाषा सदैव संयमित व मर्यादित होनी चाहिए। कार्यसूची में 419 तारांकित प्रश्न शामिल किए गए थे, लेकिन लगातार विपक्षिय हंगामे की वजह से मौखिक उत्तर के लिए सिर्फ 55 प्रश्न ही लिए जा सके। सत्र की शुरुआत में यह तय किया गया था कि इस सत्र में 120 घंटे चर्चा और संवाद होगा। बिज़नेस एडवाइजरी कमेटी में भी इस पर सहमति थी। लेकिन लगातार गतिरोध व नियोजित व्यवधान की वजह से ऐसा नहीं हुआ। मानसून सत्र में 12 विधेयक पारित हुए। 18वीं लोकसभा के पांचवें सत्र की समाप्ति के दौरान, स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि इस दौरान 14 सरकारी विधेयक पुनः स्थापित किए गए और कुल 12 विधेयक पारित किए गए। 28 - 29 जुलाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा हुई, जिसका समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तर के साथ हुआ। 18 अगस्त, 2025 को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों पर विशेष चर्चा शुरू की गई। पहले दिन से आख़िरी दिन तक पूरा सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया।

राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' को संयुक्त तौर पर पेश किया। इस बिल को जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) को भेजा गया। संसद की एक घंटे की कार्यवाही में करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। आपराधिक मामलों में गिरफ़्तारी के बाद पीएम और सीएम को कुर्सी से हटाने वाले बिलों पर खूब बवाल हुआ। ऐसे में सवाल यह है कि संसद में होने वाली इस चर्चा पर एक दिन का खर्च कितना आता है और हंगामे से कितना नुकसान होता है? यह जनता से टैक्स के रूप में लिया गया धन है। संसद में जब भी चर्चा होती है तो एक मिनट का खर्च आम आदमी की पूरे सालभर की कमाई के बराबर होता है। यहां एक मिनट के लिए 2.5 लाख रुपये खर्च होते हैं। यानी एक घंटे में 1.5 करोड़ रुपये से ज्यादा का खर्च आता है।

ये आंकड़ा साल 2012 में पूर्व संसदीय कार्य मंत्री पवन बंसल ने दिया था। अब करीब 13 साल बाद ये खर्च कई गुना ज़्यादा हो सकता है। इसमें लाइव टेलीकास्ट, एयर कंडीशनिंग और कर्मचारियों का पूरा खर्च शामिल हैं। इस दौरान कई अतिरिक्त कर्मचारी भी लगाए जाते हैं। साथ ही सांसदों को आने-जाने व बाकी भत्ते भी दिए जाते हैं। सुषमा स्वराज ने 2012 में कहा था कि 'संसद को चलने न देना भी अन्य लोकतंत्रों की तरह ही लोकतंत्र का एक रूप है'। अरुण जेटली ने कहा था कि 'संसदीय अवरोध अलोकतांत्रिक नहीं है'। सारांशार्थ, यह कहना अनुचित नहीं होगा कि जहां मोदी सरकार अपने कार्यों को सकारात्मक रूप से पेश करने की कोशिश कर रही थी, वहीं विपक्ष भी सरकार को आईना दिखाने का अधिकार रखती है। आम जनता के हितों हेतु संसद में प्रश्नोत्तर काल महत्वपूर्ण है। संसद को ना चलने देना, विपक्ष की पराजय है, परंतु संसद को नियंत्रित कर सुचारु रूप से नहीं चला पाना, सरकार की विफलता भी है। इससे लोकतांत्रिक प्रणाली पर धब्बा अंकित होता है।

विडम्बना
पंकज चतुर्वेदी



# सुरक्षा बल जवानों में खुदकुशी की प्रवृत्ति खड़े कर रही सवाल

अगस्त महीने के पहले हफ्ते में ही बस्तर के कोंडागांव के बयानार सीएएफ कैंप में प्लाटून कमांडर दिनेश सिंह चंदेल ने अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस साल के आठ महीनों में (अधिकांश बस्तर में ही) सुरक्षा बलों के 11 लोग इस तरह खुद के जीवन को समाप्त कर चुके हैं। जब केंद्र सरकार लगातार छापेमारी कर बड़े नक्सल ऑपरेशन कर रही है और अबूझमाड के उन इलाकों तक सुरक्षा बल पहुंच रहे हैं जिन्हें अभी तक 'अबूझ' कहा जाता था,जवानों में आत्महत्या की प्रवृति चिंता की बात है। दुर्भाग्य है कि जब-तब ऐसी घटनाएं होती हैं, जांच आदि के दल गठित होते हैं लेकिन हफ्ता बीतते ही जवानों को उन्हीं परिस्थितियों का सामना करना पड़ता जिससे हताश उनका साथी खुदकुशी कर चुका था। गत एक दशक के दौरान बस्तर में डेढ़ सौ से अधिक जवान आत्महत्या या फिर अपने ही साथी के क्रोध में मारे गए। कहने की आवश्यकता नहीं है कि कोई भी जवान ऐसे कदम बेहद तनाव या असुरक्षा की भावना से ग्रस्त होकर उठाता है। आखिर वे दबाव में क्यों ना हों? ना तो उन्हें साफ पानी मिल रहा है और ना ही माकूल स्वास्थ्य सेवाएं। जानकर दुख होगा कि नक्सली इलाके में सेवा दे रहे जवानों की मलेरिया जैसी बीमारी का आंकड़ा उनके लड़ते हुए शहीद होने से कहीं ज्यादा होता है। वर्ष 2020 के दौरान नक्सल हिंसाग्रस्त इस राज्य में 38 जवानों ने आत्महत्या की। अगले साल 2021 में यह संख्या 24 और 2022 में 31 हो गई। सन 2023 में 22 और 2024 में 29 जवान इस तरह असामयिक काल के गाल में समा गए। ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने कोई दो दशक पहले एक जांच दल बनाया था जिसकी रिपोर्ट जून-2004 में आई थी। इसमें घटिया सामाजिक परिवेश, प्रमोशन की कम संभावनाएं, अधिक काम, तनावग्रस्त कार्य, पर्यावरणीय बदलाव, वेतन-सुविधाएं जैसे मसलों पर कई सिफारिशें की गई थीं। इनमें छुट्टी देने की नीति में सुधार, जवानों से नियमित वार्तालाप, शिकायत निवारण को मजबूत बनाना, मनोरंजन व खेल के अवसर उपलब्ध करवाने जैसे सुझाव थे। इन पर कागजी अमल भी हुआ, लेकिन जैसे-जैसे देश में उपद्रव ग्रस्त इलाका बढ़ता जा रहा है अर्ध सैनिक बलों व फौज के काम का दायरे में विस्तार हो रहा है। यह एक कड़ा सच है कि हर साल दंगा, नक्सलवाद, अलगाववादियों, बाढ़ और ऐसी ही विकट परिस्थितियों में संघर्ष करने वाले इस बल के लोग मैदान में लड़ते हुए मरने से कहीं ज्यादा गंभीर बीमारियों से मर जाते हैं। यह बानगी है कि जिन लोगों पर हम मरने के बाद नारे लुटाने का काम करते हैं, उनकी नौकरी की शर्तें किस तरह असहनीय, नाकाफी और जोखिमभरी हैं। अपने ही साथी या अफसर को गोली मार देने के मामले भी आए रोज सामने आ रहे हैं। कुल मिलाकर सुरक्षा बल दुश्मन से नहीं, खुद से ही जूझ रही है। सुदूर बाहर से आए केंद्रीय बलों के जवान ना तो स्थानीय भूगोल से परिचित हैं, ना ही उन्हें स्थानीय बोली-भाषा-संस्कार की जानकारी होती है और ना ही उनका कोई अपना इंटेलिजेंस नेटवर्क बन पाया है। वे तो मूल रूप से स्थानीय पुलिस की सूचना या दिशा-निर्देश पर ही काम करते हैं। बस्तर में बहुत सी जगह निर्माणाधीन सड़क की निगरानी के लिए सुरक्षा बलों की दैनिक ड्यूटी लगाई जा रही है। असल में केंद्रीय फोर्स का काम दुश्मन को नष्ट करने का होता है ना कि चौकसी करने का। यह किसी से छिपा नहीं है कि स्थानीय पुलिस की फर्जी व शोषण की कार्यवाहियों के चलते दूरस्थ अंचलों के ग्रामीण खाकी वर्दी पर भरोसा करते नहीं हैं। अधिकांश मामलों में स्थानीय पुलिस की गलत हरकतों का खामियाजा केंद्रीय बलों को झेलना पड़ता है।

बेहद घने जंगलों में लगतार सर्चिंग व पेट्रोलिंग का कार्य बेहद तनावभरा है, यहां दुश्मन अदृश्य है, हर दूसरे इंसान पर शक होता है, चाहे वह छोटा बच्चा हो या फिर फटेहाल ग्रामीण। पूरी तरह बस अविश्वास, अनजान भय और अंधी गली में मंजिल की तलाश। इस पर भी हाथ बंधे हुए, जिसकी डोर सियासती आकाओं के हाथों में है। सीआरपीएफ की रपट में यह माना गया है

# सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी है...



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

# मंजिल तक कैसे पहुँचा जाए



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहाँ से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते मे जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी में भर कर ले जाए। दोनों निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और साँस भी चढ़ने लग गई। एक एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बाँटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुँचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बाँटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुँच पाएँगे। आखिर लालच ही बुरी बला है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आनलाइन गेमिंग की लत से युवाओं को मिलेगा छुटकारा

देश में लाखो लोग रातों-रात करोड़पति बनने के लिए आनलाइन गेम में पैसे लगाते हैं। युवाओं में बढ़ने चलन से हजारों परिवार प्रभावित हुए है। यह सट्टा है। जिससे हजारों परिवार जाने अनजाने में इससे नुकसान उठा ही रहे हैं। यह लत न केवल परिवार के लिए घातक है, बल्कि युवाओ का जीवन बर्बाद करने में कमतर नही है। देश में लाखो लोग आनलाइन गेमिंग से अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई बर्बाद कर रहे हैं। यह व्यसन बर्बादी की कगार पर लाकर खड़ा करता है।

-कांतिलाल मांडोत, सूरत

## ट्रेंड

### विकास कार्यों का लोकार्पण



एनडीए सरकार बिहार के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में आज गया जी की पवित्र धरती से हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास का सौभाग्य मिला है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### प्रो. गोकुलानंद का योगदान



उत्कल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गोकुलानंद दास ने अपने पीछे एक अमिट शैक्षणिक विरासत छोड़ी है। एक प्रख्यात गणितज्ञ और अद्भुत शिक्षक, गणित और अनुसंधान के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

- धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री

### पालकी उत्सव



पालकी उत्सव के पावन अवसर पर मुझे श्री देवी भगवती देवस्थान, पारसे में पूजा-अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। गोवा के लोगों की शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। देवी भगवती हर घर, हर हृदय पर असीम कृपा बरसाएँ।

- डॉ. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा

### कोर्ट के निर्देशों का स्वागत



आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के संशोधित निर्देशों का स्वागत है, क्योंकि यह पशु कल्याण और जन सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। यह दृष्टिकोण न केवल करुणामय है, बल्कि वैज्ञानिक तर्क पर आधारित भी है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# जलवायु परिवर्तन से प्रभावित हो रही कनाडा में आजीविका



अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) वर्षों से यह चेतावनी देता रहा है कि जलवायु परिवर्तन से कामकाज के हालात, तौर-तरीकों और उपलब्धता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। एक ओर जहां जंगल की आग और अन्य मौसम संबंधी घटनाएं जंगलों को नष्ट करके लोगों के लिए खतरे पैदा कर रही हैं, तो दूसरी ओर समुद्र का तापमान बढ़ने से समुद्री क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और मत्स्य पालन पर असर पड़ रहा है। मैंने अपने सहकर्मियों के साथ मिलकर कनाडा में 'वर्क-लाइफ' नामक एक शोध प्रोजेक्ट का नेतृत्व किया था, जिसमें जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जुड़ी सच्चाई सामने आई।

## ऑफ बीट

# आनुवांशिक जानकारी से जान सकते हैं बहुत कुछ



कई वैज्ञानिक शोध अध्ययन एक विशिष्ट शोध प्रश्न का उत्तर देने के लिए डेटा एकत्र करते हैं। उदाहरण के लिए, मधुमेह की आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए, शोधकर्ता आनुवंशिक डेटा के अलावा आपके रक्तचाप और लिपिड स्तर पर डेटा एकत्र कर सकते हैं। वैज्ञानिक बायोबैंक में रखने के लिए बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र कर रहे हैं - ऐसे भंडार जो आनुवंशिक डेटा और रक्त, मूत्र या ट्यूमर ऊतक जैसे अन्य जैव नमूनों को भविष्य के अध्ययनों की एक विस्तृत संख्या में उपयोग करने के लिए संग्रहीत करते हैं। कुछ बायोबैंक, जैसे यूके बायोबैंक, बायोस्पेसिमेन डेटा को अन्य एकत्रित डेटा, जैसे यौन व्यवहार, चिकित्सा इतिहास, वजन, आहार और जीवन शैली से जोड़ते हैं।

## संक्षेप

### किसान पंजीकरण में तेजी लाने का निदेर्श

**एसडीएम ने अखंडनगर के जनसेवा केंद्र का किया औचक निरीक्षण**

सुलतानपुर, जिले के अखंडनगर बाजार स्थित पंचशील जनसेवा केंद्र का एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी और सीओ कादीपुर विनय गौतम और मनोज कुमार तिवारी एसडीओ एजी अखंडनगर ने टीम के साथ औचक निरीक्षण करने पहुंचे और केंद्र संचालक अमरनाथ (रिंकू )यादव को कृषक पंजीकृतरण के सम्बन्ध में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों के बारे में जानकारी प्राप्त की, शीघ्र पंजीकरण के कार्य को पूर्ण करने का निर्देश भी दिया। एसडीएम कादीपुर ने किसान पंजीकरण की प्रक्रिया को गति देने के लिए केंद्र का दौरा किया। उन्होंने किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए शत-प्रतिशत फॉर्मर रजिस्ट्री कराने का आग्रह किया।एसडीएम ने किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधार और खतौनी में नाम में अंतर होने पर तहसील कार्यालय में संपर्क कर सुधार करा सकते हैं।


### किसान पंजीकरण में तेजी लाने का निर्देश

**एसडीएम ने अखंडनगर के जनसेवा केंद्र का किया औचक निरीक्षण**

सुलतानपुर, जिले के अखंडनगर बाजार स्थित पंचशील जनसेवा केंद्र का एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी और सीओ कादीपुर विनय गौतम और मनोज कुमार तिवारी एसडीओ एजी अखंडनगर ने टीम के साथ औचक निरीक्षण करने पहुंचे और केंद्र संचालक अमरनाथ (रिंकू )यादव को कृषक पंजीकृतरण के सम्बन्ध में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों के बारे में जानकारी प्राप्त की, शीघ्र पंजीकरण के कार्य को पूर्ण करने का निर्देश भी दिया। एसडीएम कादीपुर ने किसान पंजीकरण की प्रक्रिया को गति देने के लिए केंद्र का दौरा किया। उन्होंने किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए शत-प्रतिशत फॉर्मर रजिस्ट्री कराने का आग्रह किया।


### जिले के थाना समाधान दिवस में मिले 16 शिकायती पत्र

**कोतवाली नगर और गोसाईगंज में 3 मामलों का मौके पर निपटारा**

सुलतानपुर, थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कोतवाली नगर में एसडीएम सदर विपिन कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। सीओ सिटी प्रशान्त सिंह भी मौजूद रहे। कोतवाली नगर में 10 शिकायती पत्र मिले। इनमें से एक का निस्तारण मौके पर किया गया। अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद, पैतृक संपत्ति बंटवारा और रास्ते के विवाद से जुड़ी थीं। कार्यक्रम में तहसीलदार सदर देवानंद तिवारी, ईओ लाल चंद सरोज, नगर कोतवाल धीरज कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। थाना गोसाईगंज में क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर आशुतोष कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय की मौजूदगी में 6 शिकायती पत्र मिले।इनमें से 2 का निस्तारण मौके पर किया गया। कानूनगो अयोध्या सिंह और लेखपाल संदीप सिंह भी उपस्थित रहे।एसडीएम सदर ने बताया कि समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनना है।

# शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

## प्रशिक्षण में बताई एनसीईआरटी पाठ्यक्रम आधारित शिक्षण की नीतियां

**अमन लेखनी समाचार**



बाबागंज, बहराइच।विकास क्षेत्र नवाबगंज अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का एफएलएन व एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तक आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज में आयोजित किया जा रहा है।खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदर्भदाता एआरपी शैलेन्द्र कुमार, अजय कुमार मिश्रा , अभिषेक कुमार मौर्य, जितेन्द्र बहादुर पटेल व रविन्द्र यादव ने प्रतिभागियों को बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान के साथ-साथ एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तक आधारित शिक्षण नीतियों व भारतीय ज्ञान प्रणाली की जानकारी दी। संदर्भदाता अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2023 के आलोक में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सुनियोजित रणनीतियों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वर्तमान शैक्षिक सत्र में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित कक्षा 3 की भाषा,गणित व अंग्रेजी की नवीन पाठ्य पुस्तकों वीणा, गणित मेला व संतूर की विषयवस्तु तथा कक्षा 4 व 5 में संदर्शिका आधारित भाषा-गणित शिक्षण की नीतियों की जानकारी देना एवं शिक्षकों को बुनियादी भाषा व संख्या ज्ञान के बारे में प्रशिक्षित करना है, ताकि वे बच्चों को बेहतर तरीके से पढ़ा सकें और उन्हें भविष्य के योग्य नागरिक के रूप में तैयार कर सकें। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने कहा शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है। वह न केवल बच्चों बल्कि संपूर्ण समाज का मार्गदर्शन करता है, समाज की भावी पीढ़ी का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि सभी शिक्षक प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों का विद्यालय में सम्यक उपयोग करते हुए बच्चों के चौमुखी विकास में अपना योगदान देंगे।

# हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के पोस्टर व स्टीकर का डीएम व बीएसए ने किया विमोचन

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में 1 सितम्बर को देशभर के लगभग 5 लाख से अधिक स्कूलों में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।इसी क्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच जिलाध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र के नेतृत्व में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी बहराइच अक्षय त्रिपाठी से जनपदीय नेतृत्व ने शिष्टाचार भेंट की।इस दौरान जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के पोस्टर व स्टीकर का विमोचन किया और शत प्रतिशत सफलता हेतु आश्वासन दिया एवं हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया।बताते चले इस अभियान का उद्देश्य शिक्षा को केवल ज्ञान तक सीमित न रखकर चरित्र निर्माण और समाज सेवाओं का माध्यम बनाना है। विद्यार्थी और शिक्षक मिलकर विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित और हरित बनाने का संकल्प लेंगे।इस मौके पर जिलाध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र ने बताया कि विद्यालय में भेदभाव रहित माहौल बनाया जायेगा।समान भाव से सीखने और सिखाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। 1 सितम्बर के दिन शिक्षक और विद्यार्थी सामूहिक रूप से विद्यालय को स्वच्छ और प्रेरणादायी, एकत्व और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करना, अनुशासन एवं राष्ट्रप्रेम को जीवन का आधार बनाना, समाज -विद्यालय सम्बन्धों को मजबूत करना जैसे पांच संकल्प लेंगे। वही महामंत्री उमेशचंद त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय की सम्पदा और संसाधनो को राष्ट्र धन मानकर उसका विवेक पूर्ण उपयोग और संरक्षण कार्यक्रम का मुख्य मूल मंत्र है।इस मौके पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी, जिला उपाध्यक्ष सुरूर अख्तर, ब्लॉक अध्यक्ष रिसिया धर्मेंद्र सिंह राठौर उपस्थिति रहे।

# एसकेएस कालेज में माडल प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा**

बहराइच।डा. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस सबलापुर में सोमवार को माडल प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें नर्सिंग के एएनएम, जीएनएम व बीएसए नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसको संस्था डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला व नर्सिंग प्राचार्य हरीश नागर ने माडल प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्र-छात्राओं से विधिवत जानकारी ली। डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला व प्राचार्य हरीश नागर ने कहा इस प्रदर्शनी के माध्यम से छात्र - छात्राएं नवाचार एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की ओर अग्रसर होंगे। उन्होंने प्रतिभाग करने वाले छात्र - छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए सराहना भी की। इस मौके पर मैनेजर आस्था शुक्ला, शिक्षिका सौम्या सिंह, सुनिधि शुक्ला, आंचल सिंह, ईशा वर्मा, संगीता पाल, कीर्ति मिश्रा, लवीशा प्रजापति, फूलचंद्र डावरिया, पुष्पेन्द्र तिवारी मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक व शैक्षिक गतिविधि कर मनाया बेटे का जन्मदिन

**शमा फाउंडेशन के बैनर तले हुआ कार्यक्रम**

**100 बच्चों को वितरित किया गया उपहार**

**अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा**




बहराइच।हेमरिया गांव में रविवार को बच्चों को मिष्ठान और पाठ्य सामग्री वितरित गया।शमा फाउंडेशन की डायरेक्टर शमा परवीन ने बताया कि शमा फाउंडेशन की सदस्य शिक्षिका रुखसार परवीन ने अपने बेटे अहद के जन्मदिन की खुशी के मौके पर शमा फाउंडेशन के बैनर तले शैक्षिक, सांस्कृतिक गतिविधि कराकर हेमरिया गांव में कार्यक्रम में शामिल सभी बच्चों को उपहार वितरित कर खुशियां मनाई। शमा फाउंडेशन टीम लगातार ग्रामीण व शहरी बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए लगातार शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं समाज सेवा कार्य को बढ़ावा दे रहा है साथ ही कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों, अभिभावक, टीम को पुरस्कार व सम्मान वितरित कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान हेमरिया गांव में शमा परवीन ने अपनी टीम के साथ अभिभावक संपर्क कर बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया साथ ही पर्यावरण की उपयोगिता एवं पेड़ो की महत्ता का बखान करते हुए वृक्षारोपण कार्य भी किया।

# प्रधान फौजदार वर्मा के नेतृत्व में जलाभिषेक के लिए निकले कांवरिया

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच।नवाबगंज, बाबागंज इलाके के सैकड़ो कांवरिया हरितालिका तीज पर जंगलीनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए निकले।ग्राम प्रधान सोरहिया फौजदार वर्मा के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ हजारों की संख्या में बाबागंज इलाके से निकले कांवरिया होलिया राप्ती नदी से जल लेकर जंगलीनाथ शिव मंदिर में रात में पहुंचेंगे, जहां पर सुबह जलाभिषेक करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से बेनी प्रसाद वर्मा, मोहनलाल, बुद्धि लाल, ओम प्रकाश, नरेंद्रसाहू, मनीष यादव, लवकुश यादव, सोनू यादव, राजेंद्र कश्यप, प्रेम वर्मा, पवन वर्मा, आशुतोष मिश्रा आदि भक्तिगण शामिल हुए।

# जनपद में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उर्वरक: डॉ सूबेदार यादव जिला कृषि अधिकारी

**अमन लेखनी समाचार**

**मिथिलेश जायसवाल**



बहराइच। जनपद में उर्वरक की उपलब्धता की जानकारी देते हुए जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया है कि वर्तमान में जनपद में 5003 मैट्रिक टन यूरिया, 5286 मैट्रिक टन डीएपी, 2789 मैट्रिक टन एनपीके एवं 11510 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी सहकारी समिति पर 31412 बोतल नैनो डीएपी एवं 18247 नैनो यूरिया उर्वरक भी उपलब्ध है। जिले की सभी समितियों पर उर्वरक उपलब्ध है। उर्वरक वितरण की जानकारी देते हुए जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि अभी तक जनपद में 56430 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण हो चुका है। उन्होंने बताया कि 24 अगस्त 2025 को 701 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण हुआ था उन्होंने बताया कि 24 अगस्त 2025 को जनपद में 1239 मैट्रिक टन यूरिया बफर गोदाम में उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी, ए.आर. को-आपरेटिव के साथ प्रतिदिन जिला प्रबंधक पीसीएफ एवं इफको के प्रतिनिधि के साथ बैठक कर उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा की जाती है तथा जिन समितियों पर पांच मैट्रिक टन से कम यूरिया उपलब्ध होती है वहां भेजने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद में उर्वरक की कमी नहीं है।जनपद को लगातार यूरिया रैक प्राप्त हो रही है, प्राप्त उर्वरक को सहकारी समितियां एवं प्राइवेट दुकानदारों के यहां भेजा जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को सुझाव दिया है कि यूरिया उर्वरक को एडवांस में खरीद कर भंडारण ना करें। उन्होंने कहा कि जनपद में उर्वरक की कमी नहीं होने दी जायेगी।

# शिक्षकों, शिक्षामित्रों को BLO ड्यूटी से मुक्त किया जाए: मिथिलेश मिश्र

**अमन लेखनी समाचार**




बहराइच।शिक्षक तथा शिक्षामित्र को बीएलओ ड्यूटी को लेकर आ रही समस्याओं के निस्तारण हेतु खंड शिक्षा अधिकारी-फखरपुर राकेश कुमार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, फखरपुर के ब्लॉक अध्यक्ष मिथिलेश कुमार मिश्र ने उप जिलाधिकारी कैसरगंज को प्रेषित पत्र की प्रतिलिपि देकर बीएलओ ड्यूटी को लेकर आ रही समस्याओं के निस्तारण की मांग की है।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने यह भी कहा है कि, अधिकांश शिक्षक, शिक्षामित्र, की ही ड्यूटी लगी है, उनके स्थान पर अन्य विभाग के कर्मचारियों को भी लगाया जाए। जो शिक्षक, शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र, वास्तव में समस्या ग्रस्त हैं उन्हें बी एल ओ ड्यूटी से मुक्त कर दिया जाए, जबरन किसी से बी एल ओ का कार्य न लिया जाए। खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा यह कहा गया है कि, उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करके उनके द्वारा समस्या ग्रस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं,तथा शिक्षामित्र को ड्यूटी से मुक्त करने का प्रयास किया जाएगा, साथ ही साथ जिनकी ड्यूटी काफी दूर लग गई है, उनका भी स्थान परिवर्तन करके उनके कार्यरत स्थल के नजदीक करने हेतु पूर्ण प्रयास रहेगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ फखरपुर के संरक्षक बालकृष्ण मिश्र बरिष्ठ उपाध्यक्ष शाश्वत कलहंस महामंत्री उमेश कुमार संगठन मंत्री प्रेम कुमार अवस्थी कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता संयुक्त महामंत्री अनुभव मिश्र उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी पूजा सिंह , शशांक सिंह रविन्द्र कुमार मिश्र,मंत्री संदीप राय , माधव सिंह,राकेश वर्मा मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक शिक्षा मित्र उपस्थित उपस्थित रहे।

# एमएलसी ने यात्री प्रतीक्षालय व गौशाला में सोलर पंप टंकी निर्माण का किया उद्घाटन



**अमन लेखनी समाचार**

गरौठा।सोमवार को बामौर ब्लॉक के ग्राम पंचायत दुरखरू में एमएलसी निधी से नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय एवं गौशाला में सोलर पंप एवं टंकी निर्माण का उद्घाटन एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुरसरांय टीकाराम पटेल रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मोहन पाठक ने की ।मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में अपने उत्कृष्ट उद्बोधन में भाजपा सरकार में हो रहे विकास की गाथा जनता के बीच रखी।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्यक्रम आयोजक ग्राम प्रधान दुरखरू राजेंद्र अहिरवार, हरप्रसाद पटेल, धर्मेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र पूरी, रघुनंदन सिंह, राजेश परिहार एडवोकेट ,पुष्पेंद्र पटेल, अरविंद मिश्रा, राजेश पटेल ,शंभू दयाल, विदेश कुमार लखन लाल आदि लोग मौजूद रहे।

# कतर्नियाघाट में दिखा नारंगी रंग की आँखों वाला दुर्लभ भारतीय ईगल उल्लू

**फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट के कमरे में कैद हुआ दुर्लभ उल्लू**

**अमन लेखनी समाचार**



मोतीपुर, बहराइच। फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट की पाँच सदस्यों की टीम वन्य जीव संरक्षण के सिलसिले में सोमवार को कतर्नियाघाट के मुर्तिहा रेंज में एक गाँव तक गई थी, वहाँ से वापस आते समय एक खेत में पंख फैलाये एक उल्लू दिखाई पड़ा जिसे क्लब अध्यक्ष बीडी लखमानी ने अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर लिया, उन्होंने बताया कि ये भारतीय ईगल उल्लू है जो में एक दुर्लभ प्रजाति माना जाता है और कई स्थानों पर इसकी उपस्तिथि असामान्य है, यह उल्लू अपनी बड़ी आँखों, विशिष्ट पंखों के पैटर्न और रात में शिकार करने की क्षमता के लिए जाना जाता है, यह दुनिया के सबसे बड़े उल्लुओं में से एक है, इसके पंखों का रंग भूरा और चितकबरा होता है, इसकी आँखें नारंगी रंग की होती हैं, यह एशिया और यूरोप के विभिन्न हिस्सों में पाया जाता है उन्होंने कहा कि कतर्नियाघाट जंगल की अच्छी जैव विविधता और पारिस्कीतंत्र में एक से एक दुर्लभ पछियों और वन्य जीव मौजूद हैं ।

# कजरी तीज पर शान्ति व्यवस्था के लिए जारी किये गये दिशा निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। अपर जिला मजिस्ट्रेट अमित कुमार द्वारा नगर मजिस्ट्रेट सहित समस्त उप जिला मजिस्ट्रेटों व पुलिस उपाधीक्षकों को निर्देश दिया है कि शासन द्वारा निर्गत गाइड लाइन का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए कजरी तीज पर्व को सकुशल सम्पन्न कराया जाना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि कॉवड़ यात्रा एवं नदियों के घाटों तथा शिव मन्दिरों में भीड़-भाड़ होने की सम्भावना को देखते हुए शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत सतर्क दृष्टि बनाये रखें। अपर जिला मजिस्ट्रेट श्री कुमार ने जिला पंचायत राज अधिकारी व नगर निकायों को निर्देश दिया गया है कि नदियों के स्नान घाटों एवं मन्दिरों के आस-पास सहित सम्पूर्ण क्षेत्र में समुचित साफ-सफाई एवं चूनाकारी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

# भक्ति और श्रद्धा में डूबा गोलोक धाम आश्रम

**हरिदास बाबा की 13वीं पुण्यतिथि पर गूंजे रसखान**

**अमन लेखनी समाचार**



मथुरा। श्री राधे बाबा गोलोक धाम आश्रम, जयसिंहपुरा में गुरु महाराज हरिदास बाबा की 13वीं पुण्यतिथि पर रविवार संध्या एवं सोमवार को भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर ग्वाल मंडल द्वारा रसखान की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था आश्रम के महंत बाबा कन्हैया दास महाराज के निर्देशन में संपन्न हुई। कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया ।वहीं, श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के संस्थापक श्याम शर्मा एवं महामंत्री अर्जुन पंडित ने आश्रम पहुंचकर श्री वामन भगवान शोभायात्रा का निमंत्रण पत्र भेंट किया तथा आशीर्वाद प्राप्त कर शोभायात्रा महोत्सव में आमंत्रण किया ।पुण्यतिथि आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। विशेष रूप से उपस्थित अतिथियों में एडवोकेट हरिओम शर्मा, नरेश शर्मा, बब्बू पंडित, रामा भार्गव, अखिलेश मिश्रा, पिंटू, बालकिशन शर्मा, सुनील खंडेलवाल, राजू एडवोकेट, त्रिलोकी नाथ शर्मा, खलीफा, रज्जो, राकेश पार्षद भोला शर्मा सहित अनेक गणमान्य सम्मिलित रहे ।पूरे आयोजन के दौरान आश्रम परिसर में श्रद्धा और भक्ति का विशेष वातावरण छाया रहा।

# राजकीय इन्दिरा उद्यान का उप निदेशक ने किया निरीक्षण

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि उप निदेशक उद्यान, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा गीता त्रिवेदी द्वारा राजकीय इन्दिरा उद्यान, बहराइच एवं कृषक प्रक्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। प्रगतिशील कृषक लालता प्रसाद गुप्ता, ग्राम सोहरवा, वि.ख. चित्तौरा, बहराइच के ताईवान अमरूद, किन्नों का निरीक्षण किया गया। साथ ही लालजी व कल्लूराम, ग्राम-रायपुर के मचान विविध से लौकी, खीरा एवं मिर्च प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय किसानों से उत्पादन, विपणन आदि से सम्बन्धित जानकारियों को साझा किया गया। निरीक्षण के समय दिनेश चौधरी, जिला उद्यान अधिकारी, बहराइच, पंकज वर्मा, योजना प्रभारी, जितेन्द्र सिंह, व.स. का.उ.नि.उ., देवीपाटन मण्डल गोण्डा व अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### स्कूल जा रहे चार बच्चों की अपहरण की कोशिश

#### शोरगुल सुनकर आये लोगों ने एक बदमाश को दबोचा

अमन लेखनी समाचार मथुरा

मथुरा। आज सुबह शहर के महोली रोड क्षेत्र में उस समय अफरातफरी मच गई तमंचाधारी बदमाशों ने स्कूल स्कूल जा रहे चार बच्चों के अपहरण की कोशिश की। दोनों बदमाशों ने बच्चों को तमंचा दिखाकर रोकने और पकड़ने का प्रयास किया। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब आठ बजे हाईवे थाना क्षेत्र के पन्नापुर गांव के रहने वाले शबनम पुत्री लियाकत, सुनीता पुत्री राजा, बंटू पुत्र ज्ञान सिंह, धर्मा पुत्र राजेन्द्र रोजाना की भांति जयगुरुदेव विद्यालय जा रहे थे। रास्ते में पड़ने वाले गंदे कुएं के पास पेड़ की आड़ में छुपे दो युवक अचानक सामने आए और बच्चों को तमंचे के बल पर पकड़ने लगे। तीन बच्चे चीखते - चिल्लाते हुए भागने में सफल रहे, लेकिन बदमाशों ने धर्मा को पकड़ लिया और ले जाने लगे। इसी दौरान शोरगुल की आवाज सुनकर वहां सेगुजर रहे लोग मौके पर जुट गए। लोगों की भीड़ आता देख एक बदमाश तो मौके से फरार हो गया लेकिन फरह के परखम का रहने वाला रवि लोगों के हत्थे चढ़ गया। पकड़े गए आरोपी को लोगों ने घेर लिया और उसकी मजाहमत करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। बच्चों ने स्कूल से घर लौटकर परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद धर्मा के पिता राजेंद्र ने थाने में तहरीर दी। इस संबंध में हाईवे इंस्पैक्टर का कहना है कि मामला अपहरण का प्रतीत नहीं होता है। पकड़ा गया व्यक्ति रवि इसी क्षेत्र की केमिकल फैक्ट्री में काम करता है और वह पेड़ की आड़ में लघुशंका कर रहा था। इसी दौरान उसके यकायक निकलने के बाद बच्चों को ऐसा शक हुआ। हालांकि पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। उसके फरार साथी की भी तलाश कराई जा रही है।

### कर्ज के विवाद में बनाई लूट की कहानी

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। मांट यमुना एक्सप्रेसवे सर्विस रोड स्थित एक ढाबे से बीती देर रात लूट की सूचना ने पुलिस के हाथ-पैर फुला दिये। मिरताना निवासी दिनेश पुत्र जंगलिया ने पुलिस को बताया कि चार बदमाशों ने तमंचे के बल पर उससे एक लाख रुपये और बाइक लूट ली और फिर उसे बंधक बनाकर नसीटी पुल पर छोड़कर फरार हो गए हैं। प्रारंभिक पुलिस जांच में दिनेश शराब के नशे में धुत पाया गया। जब पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसकी झूठी कहानी सामने आ गई। दो वर्ष पहले दिनेश ने गोपाल कटारा पुत्र महेशचंद निवासी सिरेर्ला मांट से एक स्वराज ट्रैक्टर खरीदा था। इस लेन-देन में दिनेश पर गोपाल के लगभग 61,000 रुपये उधार रह गए थे। बीती रात गोपाल ने पंकज के ढाबे पर दिनेश से अपने बकाया पैसे मांगे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद से बचने और गोपाल को फंसाने के इरादे से दिनेश ने लूट की झूठी कहानी गढ़ी और पुलिस को सूचना दे दी।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने श्रीजी प्रखंड में स्थापना दिवस कार्यक्रम का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मथुरा महानगर श्रीजी प्रखंड में स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम संयोजक दीपक चौधरी ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना 29 अगस्त 1964 हुई,

विहिप का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, हिंदू धर्म की रक्षा करना, और समाज की सेवा करना है। भारत के लाखों गांवों और कस्बों में विहिप को एक मजबूत, प्रभावी, स्थायी, और लगातार बढ़ते हुवे संगठन के रूप में देखा जा रहा है। दुनिया भर में हिंदू गतिविधियों में वृद्धि के साथ, एक मजबूत और आत्मविश्वासी हिंदू संगठन धीरे-धीरे आकार ले रहा है ,हिंदू धर्म के सभी संप्रदायों ( धर्मों ) के सभी धमार्चार्यों का एक मंच पर एकत्रीकरण ।

हिंदू समाज की सेवा करने की प्रवृत्ति विकसित करने के साथ, सेवा परियोजनाओं की विस्तृत श्रृंखला की संस्थापना ।

सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन में अथक प्रयासो के साथ अपार सफलता। समाज में हिंदू गौरव और एकता की बढ़ी हुवी अभिव्यक्ति।

हाल के दिनों में अपने मूल हिंदू धर्म में लाखों लोगों की स्वैच्छिक घर वापसी या 'परावर्तन।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता महानगर कार्यवाहक विजय बंटा जी ने बताया विहिप अपने मूल मूल्यों, विश्वासों और पवित्र परंपराओं की रक्षा के लिए श्री रामजन्मभूमि, श्री अमरनाथ यात्रा, श्री रामसेतु, श्री गंगा रक्षा, गौ रक्षा, हिंदू मठ-मंदिर मुद्दा, ईसाई चर्च द्वारा हिंदुओं का धर्मांतरण, इस्लामी आतंकवाद, बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठ ,जैसे मुद्दों को उठाकर हिंदू समाज की अदम्य शक्ति के रूप में स्वयं को स्थापित कर रही है.

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आचार्य राजेश कृष्ण शास्त्री जी ने बताया विहिप हिंदू समाज में व्याप्त अस्पृश्यता जैसी सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन के निरंतर प्रयासों के माध्यम से, समाज को विमुक्त, और अंतर्निहित हिंदू एकता को पुनर्जाग्रत करने के लिए समाज का कायाकल्प कर रही है.

कार्यक्रम में श्रीजी प्रखंड संयोजक एवं शर्मा अंकित गुर्जर हरीश बाबा पातीराम के आचार्य मेघश्याम जी वह अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मथुरा जंक्शन से चोरी हुई बच्ची बरामद, पकड़ा गया आरोपी

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन से चोरी हुयी बच्ची को जीआरपी पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आगरा से बरामद कर लिया है। आरोपी को पकड़ा गया है। उसकी तलाश में तीन टीमें लगी हुयी थी। ज्ञात रहे कि गत दिवस मथुरा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर-2 पर 01 वर्षीय मासूम सरस्वती अपनी मां पूजा और बड़ी बहन 4 वर्षीय गौरा के साथ प्लेटफार्म पर सो रही थी। रात में मां शौचालय गई, तभी पीछे से आए एक युवक ने सोती हुई सरस्वती को गोद में उठाया और निकल पड़ा। इसी दौरान पूजा वापस लौटी तो उसने अनजान व्यक्ति को बच्ची लेकर जाते हुए देख लिया। उसने शोर मचाया और यात्रियों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन वह वहां से गुजर रही संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में चढ़कर फरार हो गया। जीआरपी थाना प्रभारी के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और पुलिस टीमों को संभावित स्थानों पर भेजा गया। आखिरकार आज आरोपी को आगरा कैंट रेलवे स्टेशन से दबोच लिया गया और बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया। आरोपी की पहचान सतीश पुत्र दुर्गपाल, निवासी मदीना कॉलोनी, मनीया धौलपुर के रूप में हुई है।

### आरोपी के बयान पर भरोसा नहीं कर रही पुलिस

पूछताछ में सतीश ने चौंकाने वाला कारण बताते कहा कि कहा कि उसके खुद के चार बेटे हैं और बेटी की चाहत में उसने सरस्वती को उठा लिया। हालांकि, पुलिस उसके इस बयान पर भरोसा नहीं कर रही है। थाना प्रभारी जीआरपी यादराम ने कहा कि पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है और हर पहलू को गंभीरता से खंगाला जाएगा।

## छाता अधिवक्ता कल्याण एसोसिएशन को मिली उत्तर प्रदेश बार काउंसिल से मान्यता



बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष ने दिया छाता कल्याण एसोसिएशन को प्रमाण पत्र

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। छाता अधिवक्ता कल्याण एसोसिएशन को छाता तहसील परिसर के विशाल सभागार में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने बार काउंसिल उत्तर प्रदेश से मान्यता का प्रमाण पत्र अपने हाथों से अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी पूरन सिंह को एक विशाल अधिवक्ता सम्मेलन में अपने हाथों से प्रदान किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि बार काउंसिल के हरिशंकर सिंह ने अध्यक्ष चौधरी पूरन सिंह और बच्चू सिंह निमेष उपाध्यक्ष सुशील भारद्वाज एवं उप जिला अधिकारी वैभव गुप्ता द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम में चौधरी किशन सिंह एडवोकेट चौधरी प्रहलाद सिंह एडवोकेट संग्राम सिंह एडवोकेट प्रीति गुप्ता एडवोकेट सुरेंद्र वर्मा एडवोकेट बच्चू सिंह निमेष यशपाल सिंह एडवोकेट वीरेंद्र एडवोकेट संजू शर्मा एडवोकेट दाऊ दयाल शर्मा एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष जगदीश गर्ग एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

## नागरिक सुविधाओं में लापरवाही तो अनियमितता बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ होगी कार्यवाही: जग प्रवेश

### महानगर के वार्ड संख्या 38 (सिविल लाइन) एवं वार्ड संख्या 10 (औरंगाबाद प्रथम) का सोमवार को स्थलीय निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। नगर निगम क्षेत्र में साफ-सफाई, कर्मचारी अनुशासन एवं नागरिक सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के नगर आयुक्त जग प्रवेश ने संकेत दिए है। नगर आयुक्त प्रतिदिन इसी नागरिक सुविधाओं की स्थलीय जानकारी करने के उद्देश्य से अलग अलग वार्डों में निरीक्षण कार्यवाही कर रहे है। इसी क्रम में उन्होंने सोमवार को वार्ड संख्या 38 ( सिविल लाइन ) एवं वार्ड संख्या 10 ( औरंगाबाद प्रथम ) का स्थलीय निरीक्षण किया । निरीक्षण का उद्देश्य क्षेत्रीय स्वच्छता व्यवस्था, कर्मचारियों की उपस्थिति, नालियों की नियमित सफाई एवं डलाव घर ( कूड़ा स्थलों ) नियमित समय अनुसार सफाई व्यवस्था का वास्तविक मूल्यांकन करना था। वार्ड संख्या 38 सिविल लाइन में निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया जिसमें 02 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। नगर आयुक्त ने उनका एक दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए। साथ ही जो सफाई कर्मचारी लंबे समय से अनुपस्थित हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया ।

नगर आयुक्त ने मुख्य मार्गों जैसे दामोदरपुर डलाव घर, चुंगी डलाव घर, एवं आचार्य नगर के पास स्थित डलाव घर को समाप्त कर उन स्थलों पर सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्र की दृश्यात्मक सुंदरता में वृद्धि हो सके।

वार्ड संख्या 10 औरंगाबाद प्रथम में निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका में ओवरराइटिंग पाई गई जिस पर नगर आयुक्त द्वारा सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए एवं भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

निरीक्षण के समय 05 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए जिनके विरुद्ध भी आज का वेतन न आहरित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गोपाल बाबू गर्ग सफाई निरीक्षक निहाल सिंह सफाई निरीक्षक विपिन एवं नेचर ग्रीन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिलाष सांगवान उपस्थित रहे।

## वृन्दावन के गैस्ट हाउस में मृत मिली युवती का मामला

### शादी का दबाव बनाने पर की थी सुनीता की हत्या

अमन लेखनी समाचार



मथुरा, वृंदावन। रुक्मणि बिहार क्षेत्र स्थित पुष्पांजलि बैकुंठ में संचालित श्रीजी मुकुंदम गेस्ट हाउस में मिली युवती की लाश के मामले में पुलिस ने आरोपी संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। उसी ने अपने साथी के सहयोग से युवती की गला दबाकर हत्या की थी। 21 अगस्त की शाम गेस्ट हाउस की दूसरी मंजिल पर बने बाथरूम से पंजाब की रहने वाली 30 वर्षीय सुनीता पुत्री बलवीर निवासी बीपीओ चंदनखेड़ा फाजिल्का, पंजाब का शव बरामद हुआ था। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतका सुनीता करीब पांच दिन पहले इस गेस्ट हाउस में रुकी थी। उसे यहां तक लाने वाला अनिल था। चार-पांच दिन यहां रहने के दौरान वह गैस्ट हाउस संचालक सुनील के संपर्क में आयी। इसी दौरान महिला सुनील पर शादी का दबाव बनाने लगी। जब महिला से उसने इंकार किया तो विवाद बढ़ा। इसके बाद सुनील ने युवती से पीछा छुड़ाने के लिए अनिल के साथ मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बाथरूम में बंद कर दिया गया। मृतका के पिता ने वृंदावन थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने घटना के बाद सक्रियता दिखाते हुए संचाक सुनील पुत्र सत्यवीर निवासी ग्राम बृजपुरा, थाना बुहाना, जिला झुंझुनू और अनिल पुत्र सूरजपालनिवासी नारायनपुर, थाना जैत को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जातिगत जनगणना में मैथिल ब्राह्मणों को शामिल किया जाए



अमन लेखनी समाचार मथुरा

मथुरा अखिल भारतीय मैथिल ब्राह्मण महासभा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक मांग पत्र राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह को सौंपा। इसमें आगामी जातिगत जनगणना में मैथिल ब्राह्मण को पृथक रूप से शामिल करने की मांग की गई। रविवार को महासभा का प्रतिनिधिमंडल सांसद से मिला और समाज की समस्याओं से अवगत कराया। मांग पत्र में कहा गया कि मथुरा जनपद सहित उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मैथिल ब्राह्मणों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। केवल मथुरा जिले में ही सैकड़ों गांवों में समाज की बस्तियां हैं, जबकि प्रदेश भर में इनकी संख्या करोड़ों में है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. रामदेव

### सांसद को सौंपा ज्ञापन

भारद्वाज एवं राष्ट्रीय संयोजक सतेंद्र झा बेरीवाल ने कहा कि जाति आयोग की सूची में मैथिल ब्राह्मण का पृथक अंकन आवश्यक है, ताकि जनगणना व सांख्यिकीय आंकड़ों में समाज की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह ने आश्वासन दिया कि इस मांग को आगामी संसद सत्र में उठाया जाएगा और समाज के हित में अन्य मुद्दों पर भी सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी पं. रामजीत झा, राष्ट्रीय सचिव पं. वीरपाल मिश्रा एवं पं. भारत शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## निरंकारी मिशन का महिला समागम संपन्न

### आध्यात्म से होगा घर परिवार समाज का कल्याण



अमन लेखनी समाचार मथुरा

मथुरा। संत निरंकारी मिशन द्वारा महिलाओं को आध्यात्म से जोड़ने के लिए जोन स्तर का महिला समागम मथुरा के हाइवे नवादा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में आयोजित किया गया, जिसमें राजस्थान के चुरू शहर से आयी केंद्रीय निरंकारी प्रचारिका शुशीला शर्मा ने माता सुदीक्षा का संदेश देते हुए कहा कि घर परिवार और समाज का माहौल सुंदर और आनंदमय बनाना है तो आध्यात्म को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि एक महिला विविध भूमिकाएं निभाती है, जो बेटी, बहन, पत्नी और मां के रूप में अपनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करती है। बच्चों के प्रारंभिक जीवन को संवारने का कार्य भी एक महिला मां के रूप में करती है। बच्चों को अगर खिलौना न दो तो कुछ देर रोयेगा, लेकिन अगर उसे संस्कार नहीं दिए जाए तो आजीवन रोना पड़ता है। इसलिए महिलाओंकी जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है कि वह बच्चों और परिवार को क्या देना चाहती हैं। सतुगुरू माता सुदीक्षा जहां बाल समागम के माध्यम से बच्चों को संस्कारित कर रहे हैं, वहीं महिला समागम के माध्यम से घर परिवार को स्वर्गमय वातावरण प्रदान कर रहे हैं।

## महिला से दुष्कर्म करने वाला तांत्रिक पकड़ा



अमन लेखनी समाचार

मथुरा। नौहझील शादी के आठ साल तक संतान न होने की समस्या लेकर आयी महिला से तांत्रिक द्वारा किये गये बलात्कार की घटना में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गत दिनों महिला को उसकी ननद तांत्रिक मुश्ताक अली के पास लेकर गई थी। कथित तांत्रिक वतनदार नौहझील का रहने वाला था और कुछ वर्ष पहले रेलवे विभाग से रिटायर हुआ था। इसने कस्बे की मस्जिद के पास झाड़-फूंक व तंत्र-मंत्र का काम करने के लिये अपना ठिकाना बनाया हुआ था। घटना वाले दिन तांत्रिक महिला को कमरे में अकेले ले गया। इसी दौरान तांत्रिक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना से पीड़ित महिला ने आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने मामला गंभीरता से लेते हुए आरोपी तांत्रिक को आज गिरफ्तार कर लिया।

## रामभद्राचार्य जी को अपनी पद्मश्री उपाधि लौटा देनी चाहिए: संत समाज



अमन लेखनी समाचार

मथुरा। प्रेमा नंद बाबा पर रामभद्राचार्य जी के द्वारा दिए गए बयान पर कोहराम मचा हुआ है, सभी संत समाज राम भद्रा चार्य जी महाराज को खरी खोटी सुना रहे हैं, श्री कृष्ण जन्म मंदिर मस्जिद केस के मुख्य याचिका कर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने तो यहां तक कह दिया है कि रामभद्राचार्य महाराज जी को अपनी पद्म श्री की उपाधि लौटा देनी चाहिए, वह जगतगुरु किस बात के हैं, उनको ज्ञान का अहंकार हो गया है, उनको सभी संतो को गले लगाना चाहिए, संत रास बिहारी दास जी महाराज ने कहा कि रामभद्राचार्य ने जिस प्रकार प्रेमानंद महाराज को नीचा दिखाने के लिए यह शब्द बोला है वह बहुत ही गलत है, हम इसकी निंदा करते हैं, प्रेमानंद महाराज जी हमेशा पाखंडियों को आयना दिखाते हैं, भक्तों की भावनाओं से मत खेलो, मोहित जी महाराज ने कहा कि प्रेमा नन्द जी किसी संत की बुराई नहीं करते युवाओं को सनातन धर्म की तरफ जोड़ते हैं. जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी के खिलाफ ब्रजभूमि में संतों में बहुत भारी आक्रोश है.

## श्रीजी बाबा स्कूल के खिलाड़ियों ने बटोरे पाँच स्वर्ण, पाँच रजत और पाँच कांस्य पदक

अमन लेखनी समाचार




मथुरा। विद्या भारती द्वारा 20 व 21 अगस्त 2025 को आगरा में आयोजित की जाने वाली 37वीं प्रान्तीय शतरंज प्रतियोगिता में श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मन्दिर मथुरा के छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया, जिसमें उन्होंने 5 स्वर्ण पदक, 5 रजत पदक और 5 कांस्य पदक हासिल किए। विद्यालय के शतरंज कोच अनिल सैनी ने बताया कि अण्डर-14 में भैया हार्दिक सिंह, साहित्य तिवारी, सूर्यांश गोयल, यशस्वी वर्मा और कवीश ने द्वितीय स्थान के साथ रजत पदक प्राप्त किया, अण्डर-17 में भैया अर्जुन दीक्षित, अथर्व शर्मा, विभु, दीपक और दिव्यांश मौर्य ने प्रथम स्थान के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं अण्डर-19 में भैया विहान शर्मा, आदित्य कुमार, दक्ष सिरोही, सुगम और दिव्यांश शर्मा ने तृतीय स्थान के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रान्तीय शतरंज प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को शनिवार को प्रधानाचार्य हरेन्द्र कुमार सरस्वत द्वारा मैडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हमें स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के साथ ही अनुशासन में रहना भी सिखाता है। विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सह खेल संयोजक प्रेमशंकर ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 1 से 3 सितम्बर, 2025 को मुजफ्फरनगर, मेरठ में आयोजित होने वाली क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता में विद्यालय के अण्डर-14 और अण्डर-17 के खिलाड़ी सहभागिता करेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि पूर्व में भी विद्यालय के खिलाड़ी छात्रों ने हॉकी, शतरंज, कुश्ती, कराटे एवं एथलेटिक्स की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रान्त से लेकर एस०जी०एफ०आई० व राष्ट्रीय स्तर तक जीत हासिल की है। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य धर्मेंद्र बंसल, शिवहरी गोस्वामी, उमाशंकर, सागर सोनी, गोकुलेश शर्मा, गिरीश तोमर सहित सभी आचार्यगण, कर्मचारीगण एवं छात्र मौजूद रहे।

## छात्राओं ने समझे जैन मूर्ति कला के सूत्र



अमन लेखनी समाचार मथुरा

मथुरा। अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज के इतिहास विभाग की छात्राओं ने जैन संग्रहालय मथुरा का भ्रमण किया । लगभग 100 छात्राओं के दल ने मथुरा मूर्ति निर्माण शैली के अंतर्गत निर्मित जैन मूर्तियों की बारीकियां के बारे में समझा एवं प्रोजेक्ट संबंधी कार्य किया। इस अवसर पर जिला संग्रहालय मथुरा के पूर्व उच्च अधिकारी डॉ गिर्राज प्रसाद शर्मा ने छात्राओं को जैन तीर्थंकरों और उनकी मूर्तियों से जुड़ी बारीकियां के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि लाल बलुआ पत्थर से निर्मित जैन तीर्थंकरों की मूर्तियों का सबसे बड़ा केंद्र मथुरा है। प्रवक्ता मांडवी राठौर ने छात्राओं को जैन मूर्तियों के प्रतिमा विज्ञान को समझाया। छात्राओं ने प्रश्न उत्तर द्वारा अपने शोध कार्य के लिए सामग्री एकत्रित की । प्राचार्य डॉ अनिल वाजपेयी ने कहा कि वर्तमान में हमारी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक विरासत का युवाओं को बोध कराना अत्यंत आवश्यक है। पर्यटन के दूसरे चरण में छात्राओं ने जवाहर बाग मथुरा का भ्रमण किया एवं वहां के विभिन्न वृक्षों फूलों के मध्य प्रकृति और पर्यावरण के सौंदर्य का अवलोकन किया। शैक्षिक पर्यटन दल का नेतृत्व इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रवक्ता डॉ मांडवी राठौर ने किया। कला संकाय के अन्य प्रवक्ता डॉ मनोरमा कौशिक डॉ पंकज, कनिका अग्रवाल, डॉ रचना, दामोदर घोष, शायमा मुस्तफा आदि इस अवसर पर उपस्थित थे।

# रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। दिनांक 24.08.2025 को वादिनी पन्ना बियार पत्नी चुन्नू बियार निवासिनी ग्राम वीरवल थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर सूचना दिया गया कि वादिनी के पति चुन्नू बियार पुत्र स्वर्गीय कैलाश वियार उम्र 45 वर्ष को भूसा हटाने के विवाद को लेकर उसके बड़े भाई मुन्ना बियार पुत्र स्वर्गीय कैलाश बियार उम्र 48 वर्ष, अजय बियार पुत्र मुन्ना बियार उम्र 20 वर्ष व बब्लू बियार पुत्र मुन्ना बियार उम्र 30 वर्ष निवासीगण उपरोक्त द्वारा लाठी व डंडे से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया, जिसकी जिला चिकित्सालय लोढ़ी में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-873/2025 धारा 105, 352, 351(3) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया ।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अशोक कुमार मीणा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अनिल कुमार के कुशल मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री रणधीर मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा अभियोग उपरोक्त से सम्बन्धित तीन नफर अभियुक्तगण 1.मुन्ना बियार पुत्र स्व0 कैलाश 2.अजय बियार पुत्र मुन्ना बियार 3. बब्लू बियार पुत्र मुन्ना बियार निवासीगण वीरवल थाना रावर्टसगंज जनपद सोनभद्र को आज दिनांक 25.08.2025 गिरफ्तार कर, अभियुक्तगण की निशानदेही पर घटना से सम्बन्धित आलाकत्ल (दो अदद लाठी) बरामद किया गया ।प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# स्कूल जा रहे चार बच्चों की अपहरण की कोशिश

## शोरगुल सुनकर आये लोगों ने एक बदमाश को दबोचा

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। आज सुबह शहर के महोली रोड क्षेत्र में उस समय अफरातफरी मच गई तमंचाधारी बदमाशों ने स्कूल स्कूल जा रहे चार बच्चों के अपहरण की कोशिश की। दोनों बदमाशों ने बच्चों को तमंचा दिखाकर रोकने और पकड़ने का प्रयास किया। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब आठ बजे हाईवे थाना क्षेत्र के पन्नापुर गांव के रहने वाले शबनम पुत्री लियाकत, सुनीता पुत्री राजा, बंटू पुत्र ज्ञान सिंह, धर्मा पुत्र राजेन्द्र रोजाना की भांति जयगुरुदेव विद्यालय जा रहे थे।रास्ते में पड़ने वाले गंदे कुएं के पास पेड़ की आड़ में छुपे दो युवक अचानक सामने आए और बच्चों को तमंचे के बल पर पकड़ने लगे।तीन बच्चे चीखते - चिल्लाते हुए भागने में सफल रहे, लेकिन बदमाशों ने धर्मा को पकड़ लिया और ले जाने लगे। इसी दौरान शोरगुल की आवाज सुनकर वहां से गुजर रहे लोग मौके पर जुट गए। लोगों की भीड़ आता देख एक बदमाश तो मौके से फरार हो गया लेकिन फरह के परखम का रहने वाला रवि लोगों के हत्थे चढ़ गया। पकड़े गए आरोपी को लोगों ने घेर लिया और उसकी मजाहमत करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया।बच्चों ने स्कूल से घर लौटकर परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद धर्मा के पिता राजेंद्र ने थाने में तहरीर दी। इस संबंध में हाईवे इंस्पैक्टर का कहना है कि मामला अपहरण का प्रतीत नहीं होता है।पकड़ा गया व्यक्ति रवि इसी क्षेत्र की केमिकल फैक्ट्री में काम करता है और वह पेड़ की आड़ में लघुशंका कर रहा था। इसी दौरान उसके यकायक निकलने के बाद बच्चों को ऐसा शक हुआ।हालांकि पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। उसके फरार साथी की भी तलाश कराई जा रही है।

# नगर पंचायत कार्यालय के पास पसरा रहता अंधेरा, खुली नाली से दुर्घटना की आशंका

अमन लेखनी समाचार




डाला(सोनभद्र)। स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय के पास स्थित मोहल्ले में रात होती ही अंधेरा पसर जाता है और नाली कवर्ड नही होने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है दीपक तले अंधेरा शब्द को चरितार्थ करता करता दिखा नवसृजित नगर पंचायत डाला बाजार कार्यालय जहां पर स्थित वहीं ठीक पास में रात होते ही मोहल्ले में अंधेरा पसर जाता है और नाली को कवर्ड नहीं किया गया है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है ।बताते चलें कि नगर पंचायत डाला बाजार का कार्यालय नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 में स्थित है वहीं पास के ही मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट और नाली कवर्ड नहीं है जब की उसी मार्ग से जिम्मेदार अधिकारियों व प्रतिनिधियों का आना जाना नगर पंचायत कार्यालय पर होता है जहां से नगर क्षेत्र में सार्वजनिक सेवाएं एवं बुनियादी ढांचा प्रदान कर नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास और नागरिकों को शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी है वही कार्यालय के ठीक पास के मोहल्ले में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा पा रही है वहीं नगर पंचायत को जाने वाले मार्ग पर बनी हुई नाली पर कवर्ड नहीं कराया जा सका ,अंधेरा होते ही मोहल्ल में अंधेरा छा जाता है ।स्थानीय लोगों ने नाली को कवर्ड व स्ट्रीट लाइट लगवाए जाने को लेकर कई बार जिम्मेदारों से शिकायत किया पर नाली को कवर्ड व स्ट्रीट लाइट नही लगाया जा सका । खेलने व आने जाने के दौरान खुली हुई नाली में बच्चे गिर भी चुके है, नाली में व अगल-बगल घास व झाड़ियां भी उग गई है ।जिससे अंधेरे में आने जाने को स्थानीय लोगों को विषैले जीव जंतु का डर भय सहित कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ।स्थानीय लोगों ने खुली नाली को कवर्ड कराने व स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की है ।नवागत अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह द्वारा दिन में वार्डो का निरीक्षण का कार्यक्रम प्रतिदिन किया जा रहा है ईओ ने बातचीत के दौरान बताया कि प्रत्येक वार्डो का निरीक्षण कर खामियों को नोट किया जा रहा है और उसे दुरुस्त कराने व अन्य नगरी सुविधाओं को बहाल कराने का प्रयास किया जा रहा है ।अब देखने वाली बात है कि अपने ही कार्यालय के ठीक पास के मोहल्ले की खामियां उन्हें कब नजर आएगी ।

खास समाचार

# जिला मजिस्ट्रेट ने आपराधिक प्रवृत्ति के 05 लोगों को किया जिला बदर

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।जनपद को अपराध मुक्त व भयमुक्त बनाने के उद्देश्य से आपराधिक प्रवृत्ति के 05 लोगों पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत जिला बदर की कार्यवाही की है। उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत अनिल राजपूत पुत्र रामपाल निवासी बिलरख थाना राठ, आकाश बसोर पुत्र राजकिशोर निवासी ग्राम नदना थाना राठ, दीपेन्द्र कुमार ऊर्फ भूरा राजपूत पुत्र भारत निवासी ग्राम मगरौठ थाना चिकासी, नीलेन्द्र उर्फ नीलू पुत्र अरविंद राजपूत निवासी ग्राम पहरा थाना जरिया एवं सतेन्द्र कुमार राजपूत पुत्र संतोष राजपूत निवासी ग्राम परछा थाना जरिया के खिलाफ जिला बदर की कार्यवाही की गई है।जिला बदर किए गए इन 05 लोगों को जिलाधिकारी ने 6 माह के लिए जनपद से निष्कासित किया है तथा आदेश दिए हैं कि निष्कासन की अवधि में वह जनपद की सीमा में प्रवेश न करें।साथ ही जहां वह निवास करेंगे वहां का पता जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय एवं वहां के थाने को देंगे। आदेश का अनुपालन करने के लिए संबंधित को एक- एक लाख रुपये की दो प्रतिभूतियों एवं इतनी धनराशि का व्यक्तिगत बंध पत्र दाखिल करना होगा।

# बीपी मंडल की सपाइयों ने मनायी जयंती

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ बाबू बिंदेश्वरी प्रसाद (बीपी मंडल) की जयंती मनाई गई।जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि इनका जन्म 25 अगस्त 1918 को बिहार के मधेपुरा जिले में हुआ था।मंडल एक समाजसेवी, नेता और न्यायप्रिय व्यक्ति थे।उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के पिछड़े, वंचितों और दबे-कुचले वर्गों की भलाई के लिए समर्पित कर दिया।उनका सबसे बड़ा योगदान मंडल आयोग था।इस आयोग ने पिछड़े वर्गों की पहचान कर उन्हें शिक्षा व सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिलाने के तहत देशभर में सामाजिक बदलाव की लहर पैदा की।जिसस ? लाखों लोगों को आगे बढ़ने का अवसर मिला।मंडल ने समानता और न्याय किसी भी लोकतंत्र की नींव होने पर बल दिया।आज भी उनका योगदान प्रेरणा देता है कि सभी के लिए एक समान और समावेशी समाज बनाया जाये। अन्य वक्ताओ ने भी मंडल के जीवन संघर्ष पर अपने अपने विचार व्यक्त किए।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शुभकरण सिंह परिहार पूर्व ब्लॉक प्रमुख, मुन्नीलाल निषाद प्रदेश सचिव, राजेश श्रीवास एडवोकेट, नईम खान, शिवनायक यादव, युगांक मिश्रा, लाला प्रधान, राघवेन्द्र यादव लकी, वेदप्रकाश वर्मा, मोहम्मद सलीम, पंकज खंगार, अभय प्रताप सिंह परिहार, सैयद उमर, सूर्यप्रताप सिंह, रिजवान खान सहित अन्य सपाई उपस्थित रहे।

# करमा पुलिस द्वारा 25000/- रुपए के इनामिया अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। थाना करमा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-106/2025 धारा- 3(1) गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त उमेश यादव उर्फ बाबा पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी विषहार, थाना करमा, सोनभद्र उम्र लगभग 26 वर्ष लगातार फरार चल रहा था जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा 25000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था ।उपरोक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा पुलिस टीम को विशेष निर्देश दिये गये ।जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी घोरावल के नेतृत्व में आज दिनांक-25.08.2025 को थाना करमा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बैडाड़ तिराहे के पास से वांछित/फरार 25000/- रुपये के पुरस्कार घोषित अभियुक्त उमेश यादव को गिरफ्तार कर लिया गया ।

# शक्तिनगर पुलिस ने 03 अन्तर्राज्जीय चोरों को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र ।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व फरार चल रहे वांछित /वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के कुशल पर्यवेक्षण/नेतृत्व में दिनांक 24.08.2025 को थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर बलियानाला एनसीएल के पास से चोरी की एक बोलेरो वाहन के साथ 03 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।इस सम्बन्ध में थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0 142/2025 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था बरामदगी के आधार पर धारा 317(2), 317(4), 317(5), 318(4), 338, 336(3), 340(2), इठर की बढ़ोत्तरी कर अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है। दिनांक-24.08.2025 को थाना शक्तिनगर की पुलिस टीम द्वारा अवध पेट्रोल पम्प बलियानाला तिराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी कि उसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि जो दिनांक-21.08.2025 को बोलेरो गाड़ी संख्या वढ 64 द 4241 खडिया बैरियर से चोरी हुई थी उस गाड़ी को चोर जयन्त के रास्ते चन्दौली शराब भट्टी के रास्ते बलियानाला की तरफ आ रहे है ।इस सूचना पर बलियानाला के पास ठउछ गेट नं- 03 के बाउण्ड्री के पास पहुंचकर देखा तो एक बोलेरो गाड़ी चन्दौली भट्ठी की तरफ से आ रही है जिसपर पुलिस टीम ने सड़क को अवरुद्ध कर गाड़ी में बैठे तीन व्यक्तियों को पकड़ लिया गया और बोलेरो वाहन को कब्जे में ले लिया गया।गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया । गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की गयी तो उन्होने बताया कि जो गाड़ी चला रहा था, वह गिरोह का लीडर है इसी के साथ हम लोग मिलकर गाड़ियों को चुराकर बेच देते है। दिनांक 21.08.2025 को खड़िया बैरियर से एक बोलेरो गाडी चोरी करके मध्य प्रदेश ले गये थे, आज हम लोग उक्त गाडी का नम्बर प्लेट तोड़कर हटा दिये व बेचने हेतु ले जा रहे थे। जिसे पुलिस टीम ने बरामद कर लिया गया । गहनता से पूछताछ के क्रम में सूरज साकेत ने बताया कि एक टीवीएस अपाची मोटरसाइकिल चोरी की मेरे घर पर खड़ी है और 02 गाड़िया फरार चालक पवन गिरी के घर पर है ।पुलिस टीम ने सूरज साकेत के घर से टीवीएस अपाची बाइक को बरामद किया गया जिसकी चेसिस नम्बर को गैलेन्डर से रगड़ कर मिटाया गया था जबकि पवन गिरी के घर के पीछे गढ्ढा खोदकर मिट्टी के नीचे दुसरी गाड़ी को दबाये था जिसे निकाला गया तो क्षतिग्रस्त अवस्था (जली हुई) में थी ।उस गाडी का चेचिस नम्बर टऊ2अ76अ0ठढऊ69998 है। तत्पश्चात पवन गिरी के बरामदे मे खड़ी एक मोटरसाइकिल स्पेलण्डर प्लस टढ 66 ऋ 2813 के बारे में पूछा गया तो रामानन्द शर्मा उर्फ प्रिन्स ने बताया कि यह मेरी गाडी है । उक्त गाड़ी का कागजात मांगा गया तो रामानन्द शर्मा द्वारा प्रस्तुत नही किया गया जिसे अन्तर्गत धारा 207 टश् अूः मे सीज किया गया ।

# मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करें-एसपी

## ऐतिहासिक तीजा मेला को सफल बनाने के लिए अधिकारियों व कर्मियों को किया ब्रीफ

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। सुमेरपुर के ऐतिहासिक तीजा के सफल आयोजन और सुरक्षा प्रबंधों के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों / कर्मचारियों को ब्रीफ किया।दौरान मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन को लेकर गहन समीक्षा की गई। खासतौर पर मेला क्षेत्र के प्रवेश और निकास द्वारों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, आपातकालीन सेवाओं के लिए अलग से मार्ग तैयार करने तथा फायर ब्रिगेड और चिकित्सा टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति, शौचालय सुविधाएं, और बिजली की निर्बाध आपूर्ति करने के निर्देश दिए। कहा कि मेला आयोजन समिति और स्थानीय प्रशासन के बीच समन्वय बनाए रखने के लिए एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा, जो पूरे मेला अवधि के दौरान सक्रिय रहेगा।पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने कहा कि मेले के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। उन्होंने किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने और तत्काल कार्रवाई करने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए। मेले में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध करें।इसके अलावा, यातायात नियंत्रण के लिए मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था एवं मेले के दौरान वाहनों के सुचारू संचालन के लिए ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिए। पैदल आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग रास्ते की व्यवस्था की जाएगी ताकि भीड़ भाड़ से बचा जा सके।इस मौके पर सभी उच्चाधिकारी व पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

# सोनभद्र के सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण हेतु निकाली गई गुप्तकाशी तीर्थायन यात्रा

- 200 लोग गुप्तकाशी तीर्थायन यात्रा में रहे शामिल।
- काशी हिंदू विश्वविद्यालय से चलकर गुप्तकाशी में यात्रा का हुआ समापन।

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।काशी,चंदौली,मिजापुर, भदोही, प्रयागराज व सोनभद्र के विद्वत सदस्यगण, चिकित्सक गण,व्यवसायी गण,शोधकर्ता गण,चिंतक गण,समाजिक कार्यकर्ता गण द्वारा विगत वर्षों की भांति गुप्त काशी विकास परिषद, काशी कथा न्यास एवं उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान संस्कृति विभाग लखनऊ उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वाधान में 'गुप्तकाशी तीर्थायन यात्रा 2025' संपन्न हुई। तीर्थायन यात्रा के संरक्षक पंडित पारसनाथ मिश्रा ने कहा की यह क्षेत्र पौराणिक व वैदिक काल से मानव सभ्यता के विकास में अपना योगदान दर्ज कराने वाले भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता पर आधारित है यहाँ ऐतिहासिक, पौराणिक, सांस्कृतिक विंध्य पर्वत की श्रृंखला में स्थित विंध्य क्षेत्र का पृष्ठ भाग जिसका सोनगंगा सीमांकन करती, देव ऋषियों की तपोभूमि सिद्ध पीठ अवस्थित है और सोन घाटी,सोन माटी अपने सुंदरता , मनोरमता , ऊर्जा , खनिज संपदा से परिपूर्ण,पर्यटन के सौंदर्यता के दृश्य के लिए भी विख्यात है ।तीर्थायन यात्रा के संयोजक डॉ अवधेश दीक्षित ने कहा कि सोनभद्र (गुप्त काशी) के नाम से विख्यात तथा वनवासी बाहुल्य है में इस वर्ष भी 'तीर्थायन यात्रा' काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सिंह द्वार से सोनभद्र, वनवासी विकासोन्मुख अर्थात यहाँ के रहन-सहन, खान-पान, पर्व त्यौहार, संस्कृति सभ्यता के प्रचार प्रसार हेतू आयोजित किया जा रहा है हम दोनों संस्थाओं के साथ 'उत्तर प्रदेश लोक एवं संस्कृति संस्थान, संस्कृति विभाग लखनऊ उत्तर प्रदेश सरकार ' को शामिल करते हुए 'गुप्तकाशी तीर्थायन' यात्रा सम्पन्न हो रही है।

तीर्थायन यात्रा के आयोजक गुप्तकाशी विकास परिषद के अध्यक्ष पंडित आलोक चतुवेर्दी ने कहां की मैं धन्य हुआ इस गुप्तकाशी के धन्य धरा पर, मेरा भी जन्म हुआ सोनभद्र भारत का एकमात्र जिला है जो मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के चार राज्यों से सटा है ।सोनभद्र जिला एक औद्योगिक क्षेत्र है और इसमें बॉक्साइट, चूना पत्थर, कोयला, सोना आदि जैसे बहुत सारे खनिज हैं।सोनभद्र को भारत की ऊर्जा राजधानी कहा जाता है।यात्रा में प्रो. प्रदीप कुमार मिश्रा पूर्व कुलपति अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ ने कहा कि काशी से गुप्त काशी की यात्रा प्रारंभ करने के पीछे का यह स्पष्ट मकसद है कि धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण रामायण और महाभारत के साक्ष्य के आधार पर, यहां मिले हुये सांस्कृतिक प्रतीक हैं। यह जिला 11 वीं से 13 वीं शताब्दी के दौरान दूसरी काशी के रूप में प्रसिद्ध यहां की संपूर्ण सभ्यता रहन-सहन पूजा पाठ काशी आधारित है।इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के निदेशक डॉक्टर अभिजीत दीक्षित ने कहा गुप्तकाशी' नाम, जिसका अर्थ है 'छिपा हुआ बनारस', महाभारत के महाकाव्य से इसके संबंध को दशार्ता है, जहाँ युद्ध के बाद पांडवों द्वारा भगवान शिव के प्रथम दर्शन यहीं हुए थे। प्रो. सिद्धनाथ उपाध्याय पूर्व निदेशक आईआईटी बीएचयू ने कहा गुप्तकाशी के प्राकृतिक वैभव के बीच छिपे हुए आश्चर्यों का खजाना है, जो आपकी खोज का इंतजार कर रहा है।

पवित्र तीर्थस्थल से इसकी निकटता के अलावा, यहाँ कई अन्य दर्शनीय स्थल भी हैं।यहाँ के शिव मंदिर प्राचीन किंवदंतियों, शांत परिदृश्यों और आध्यात्मिक ज्ञान की एक दुनिया है, जिसे खोजा जाना बाकी है।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र। जुगैल थाना क्षेत्र स्थित गोठानी सोमनाथ मंदिर गेट के समीप सोमवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, अगोरी निवासी छक्कू केसरी (36 वर्ष) पुत्र रामबचन केसरी अपने घर से चोपन आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से उसकी आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल छक्कू केसरी को आनन-फानन में सीएचसी चोपन लाया गया, जहां डॉ. आकाश कुमार ने संघन जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित किया, मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित तीन लड़कियां और एक लड़का छोड़ गया है। वह ठेले पर सामान बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना में दूसरी बाइक पर सवार एक युवक भी घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दूसरे बाइक की बेकाबू रफ्तार इस हादसे की प्रमुख वजह रही। बताया जा रहा है कि कुरहुल से नेवारी जा रहे तीन युवक एक ही बाइक पर सवार थे। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इस स्थान पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने कई बार ब्रेकर बनाने की मांग की है, लेकिन अब तक मांग पूरी न होने से इस तरह की दुःखद घटनाएं सामने आ रही हैं ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# नाबालिग छात्रा के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

## पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज की रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

मुस्करा । थानाक्षेत्र के कस्बा निवासी अनुसूचित जाति की 16 वर्षीय किशोरी के साथ युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला। पीड़ित किशोरी के पिता ने थाने में आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी गई है।

थानाक्षेत्र के कस्बा निवासी एक पिता ने थाने में दी तहरीर में बताया कि रविवार शाम उसकी 16 वर्षीय बेटी जो कि कक्षा 11 की छात्रा है, घर से कहीं चली गई थी। कुछ समय बाद समय लगभग शाम 7:00 बजे सूचना मिली कि उनकी बेटी एक गुप्ता के मकान में लड़के के साथ अंदर घुसी है। सूचना पर किशोरी के मां-बाप वहां पहुंच गए। बताया कि दरवाजा खटखटाने पर बामुश्किल दरवाजा खुला तो उस घर के अंदर से थानाक्षेत्र के दामुपुरवा गांव निवासी निखिल राजपूत पुत्र राजकुमार भाग खड़ा हुआ। वह बेटी को लेकर अपने घर पहुंचे। बेटी ने घर पहुंच कर अपने साथ हुई दुष्कर्म की घटना की जानकारी दी। पिता ने बताया कि निखिल पिछले 2 महीने से लगातार बेटी को फोन करके परेशान कर रहा था और जान से मारने की धमकी देते हुए बेटी को डराए धमकाए था। जिसका फायदा उठाकर निखिल किशोरी को गुप्ता के मकान में ले गया और दुष्कर्म किया। पीड़ित किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी ने बताया कि दुष्कर्म की घटना का मामला सामने आया है।तहरीर के आधार पर निखिल राजपूत के विरुद्ध दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और डराने धमकाने जैसी संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# आजादी के पास से गऊघाट छानी से परसदवा डेरा तक महज 3 किमी की नहीं बनी सड़क

## पक्की सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर डीएम की रूकवाई गाड़ी

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर ।ग्रामीणों ने पक्की सड़क निर्माण की मांग को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल लोगों के हाथो में तख्ती लिए थे जिसमें लिखा था भीख नहीं अधिकार चाहिए हमीरपुर रोड चाहिए ।इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर डीएम घनश्याम मीना की गाड़ी को रोककर ज्ञापन सौपा।

मौदहा ब्लाक की ग्राम पंचायत गऊघाट छानी के परसदवा डेरा के ग्रामीणों ने दिए ज्ञापन में बताया कि आजादी के बाद से अभी तक उनके गांव में सड़क नहीं बनी जिससे उनको आने-जाने में बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में कोई साधन ग्राम छानी से मजरा परसदवा डेरा तक नहीं पहुँच पाते है। बताया कि पूर्व में कई गंभीर मरीज समय पर अस्पताल न पहुँचने के कारण रास्ते में ही दम तोड़ चुके है ।उन्होंने पूर्व में कई बार ज्ञापन व आन्दोलन किये, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। सड़क की स्थिति और बदतर हो गयी है ।बताया कि 2019 में हुए विधान सभा के उपचुनाव में तथा 2024 के लोकसभा चुनाव में सड़क बनवाने का वादा जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किया था लेकिन अभी तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है ।उन्होंने महज तीन किमी लंबी सड़क के निर्माण की मांग की है। मांग पूरी ना होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान राजेंद्र कुमार, रघुवीर प्रसाद, गया प्रसाद, कृष्ण कुमार,छोटेलाल, रामदुलारे, शिवकुमार, सुदामा, अमित,मुन्नी देवी,बच्चू, राम अवतार,राम कुमारी, रेखा,रामकली सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# सनी ने की आर्यन की तारीफ, कहा-चक दे फट्टे

मुंबई। बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान डेब्यू करने को तैयार हैं। वे बतौर निर्देशक करियर शुरू कर रहे हैं। हाल ही में उनके डेब्यू शो 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का प्रीव्यू वीडियो सामने आया। आर्यन के पहले शो के लिए सनी देओल ने उन्हें बधाई दी है। सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का प्रीव्यू वीडियो शेयर कर लिखा है, 'प्रिय, आर्यन... आपका शो बेहद शानदार है! बॉब ने आपकी खूब तारीफ की है। आपके पिता को आप पर बहुत गर्व होगा। मेरी तरफ से आपको ढेर सारी शुभकामनाएं, बेटा। चक दे फट्टे'।

लाइफ Style

# नोरा

## मुझे बहुत पसंद है कॉमेडी

एजेंसी ⏭ मुंबई

ग्लोबल स्टार नोरा फतेही ने अपनी आगामी फिल्म 'उफ्फ ये सियाप्पा' का पहला लुक सोशल मीडिया पर जारी किया। इस फिल्म में नोरा कामिनी के दमदार और आकर्षक किरदार में नजर आएंगी। जो एक ऐसी फिल्म की नींव रखता है, जो अनोखी और मनोरंजक होने का वादा करती है।

यह फिल्म लव रंजन फिल्म्स के बैनर तले बनी है और इसे सोशल मीडिया पर इस कैप्शन के साथ साझा किया गया। नोरा ने बताया कि यह एक कॉमेडी फिल्म है और आप जानते हैं, मुझे कॉमेडी बहुत पसंद है। इस फिल्म में मेरा किरदार भी बहुत कूल है।

सोशल मीडिया पर इस प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए, नोरा ने अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा, मैं सुबह 'घोषणा देखकर उठी, एक ऐसी फिल्म, जिस पर मैंने महामारी के अंत के समय काम किया था। काफ़ी वक़्त हो गया है। यह एक बहुत ही दिलचस्प फिल्म है। मैं यह देखने के लिए वाकई उत्साहित हूँ कि यह कैसी बनती है क्योंकि जब हमने इसे शूट किया था, तो हमने इसे बिना किसी डायलॉग के शूट किया था। तो यह एक बहुत ही भावपूर्ण फिल्म है। और यह बहुत ही अभिव्यक्तिपूर्ण फिल्म है। इसमें बेहतरीन कलाकारों की टीम है, कुछ शानदार अभिनेता हैं। उन्होंने आगे कहा, मैंने इसकी शूटिंग के दौरान बहुत मजा किया। यह एक कॉमेडी फिल्म है और आप जानते हैं, मुझे कॉमेडी बहुत पसंद है। इस फिल्म में मेरा किरदार भी बहुत कूल है। मैं इसे देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं।



हॉलीवुड मसाला



# टायला के सेहत को लेकर उठे सवाल

लॉस एंजेलिस। साउथ अफ्रीकन पॉप स्टार टायला का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें एक पार्टी के बाद सिक्योरिटी गार्ड गोद में उठाकर ले जाती दिख रही है। अब ये नजारा लोगों को हैरान कर रहा है। ब्राजील के साओ पाउलो में एक परफॉर्मेंस के बाद की इस घटना में टायला को होश में नहीं देखा गया, जिससे उनकी सेहत को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, बताया जा रहा है कि ये घटना ब्राजील के साओ पाउलो में हुई एक पार्टी के दौरान की है। यहां सिंगर परफॉर्म कर रही थीं।



# मिली बॉबी ब्राउन के घर आई नन्ही परी

लॉस एंजेलिस। नेटफ्लिक्स की पॉपुलर वेब सीरीज स्ट्रेंजर थिंग्स की एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन के घर नन्ही परी ने दस्तक दी है। एक्ट्रेस 21 साल की उम्र में एक बेटी की मां बन गई हैं। इस गुड न्यूज को उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए शेयर की है। पोस्ट में मिली ने बताया है कि उन्होंने पति जेक बोंगियोवी के साथ मिलकर एक बेटी को गोद लिया है। इस खबर के आते ही फैंस क्यूट कपल को बधाई दे रहा है। एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'इस गर्मी, हमने को गोद लेकर अपनी बेटी का वेलकम किया है। हम शांति और प्राइवेसी के साथ पेरेंट्स बनने के इस खूबसूरत फेज को शुरू करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं।



# सोनाक्षी करेंगी दहाड़-2 से शानदार वापसी

मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा दहाड़ से अपना डिजिटल डेब्यू किया था, जिसका निर्देशन कागती ने किया था। यह शो बेहद सफल रहा था और अब यह जोड़ी दहाड़ 2 के लिए फिर से साथ आने वाली है। सूत्रों के अनुसार, रीमा कागती ने दहाड़ 2 की पटकथा तैयार कर ली है और दिसंबर 2025 में शूटिंग शुरू करने की तैयारी कर रही हैं। स्क्रिप्ट तैयार है और वेब सीरीज अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। सोनाक्षी सिन्हा एसआई अंजलि भाटी की भूमिका निभाने के लिए वापसी करेंगी, जबकि अन्य किरदारों की कास्टिंग अभी चल रही है। दहाड़ की तरह, दूसरे सीजन में भी एक दमदार अभिनेता खलनायक की भूमिका में होगा और इसके लिए भी कास्टिंग चल रही है। दहाड़ 2 भारतीय समाज की वास्तविकताओं पर आधारित एक सामाजिक रूप से प्रासंगिक थ्रिलर के रूप में जारी रहेगा,



# फिल्म धुरंधर के ट्रेलर को मिली मंजूरी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों में अपनी आगामी फिल्म 'धुरंधर' से चर्चा में हैं। जब से फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आया है, तब से इसे लेकर दर्शकों में उत्सुकता बढ़ गई है। अब फिल्म के ट्रेलर रिलीज का भी रास्ता साफ हो गया है, क्योंकि सीबीएफसी की इसे मंजूरी मिल गई है। सीबीएफसी ने धुरंधर के ट्रेलर को यू/ए रेटिंग के साथ मंजूरी दी है। यानी कि अब ट्रेलर रिलीज का रास्त साफ हो गया है। सीबीएफसी की वेबसाइट के अनुसार, ट्रेलर 2 मिनट 42 सेकंड का है। हालांक, निर्माताओं ने अभी तक ट्रेलर की रिलीज तारीख की घोषणा नहीं की है। रणवीर के जन्मदिन के अवसर पर 6 जुलाई को 'धुरंधर' का फर्स्ट लुक रिलीज हुआ था, जिसे टीजर भी कहा गया था। इस टीजर में रणवीर दमदार अंदाज में दिखे थे।

# रणबीर-आलिया का नया घर 250 करोड़ में तैयार, जल्द करेंगे गृह प्रवेश

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के बंगले का वीडियो फिर से वायरल हो रहा है। इसका डिजाइन चर्चा में आ गया है। करोड़ों रुपए के बंगले की एक झलक देखकर हर कोई इसका मजाक उड़ा रहा है। हालांकि, करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी, आलिया-रणबीर का नया घर फैंस को पसंद नहीं आ रहा है।





मुंबई। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट बॉलीवुड के लोकप्रिय कपल्स में से एक हैं। दोनों जल्द ही मुंबई के बांद्रा वेस्ट स्थित अपने नए आलीशान बंगले में शिफ्ट होने वाले हैं। कपल का आलीशान बंगला अब पूरी तरह बनकर तैयार है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के नए 6 मंजिला आशियाना बंगले की कीमत लगभग 250 करोड़ रुपए बताई जा रही है। खबर है कि दोनों बहुत जल्द अपने नए घर में गृह प्रवेश करने वाले हैं।

इस हवेली में आधुनिक डिज़ाइन, रुफटॉप गार्डन और हरी-भरी बालकनी है। इसे ग्रे रंग और काले बॉर्डर से रंगा गया है। यह घर कई सालों से कपूर परिवार के पास है। पहले इसके मालिक राज कपूर थे, फिर ऋषि और नीतू कपूर। अब यह उनकी बेटी राहा के नाम पर रजिस्टर्ड है।

टीवी मसाला

# बिग बॉस 19 का आगाज, घरवाले चलाएंगे 'अपनी सरकार'



मुंबई। टेलीविजन का सबसे बड़ा और विवादित रियलिटी शो, बिग बॉस, एक नए सीजन के साथ वापसी कर रहा है। 24 अगस्त को इसका ग्रैंड प्रीमियर है, जिसे सलमान खान होस्ट करेंगे। इस बार शो की थीम 'घरवालों की सरकार' है, जिसमें प्रतियोगियों को फैसले लेने का अधिकार दिया गया है। इस साल, बिग बॉस अपनी पारंपरिक भूमिका से हटकर सिर्फ नियम बनाने तक सीमित रहेगा, जबकि घर के अंदर के सभी फ़ैसले खुद प्रतियोगी लेंगे। दर्शकों के पास वोटिंग का अधिकार पहले की तरह रहेगा, लेकिन शो की पूरी बागडोर अब 'घरवालों' के हाथ में होगी। एंडेमोल शाइन के सीओओ, ऋषि नेगी के अनुसार, इस थीम को पिछले सीजन्स की प्रतिक्रिया और आलोचनाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है।



# म्यूजिकल ड्रामा में नजर आएंगी श्रद्धा

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर एक बार फिर से सुर्खियों में है। श्रद्धा कपूर को आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई 'स्त्री 2' में देखा गया था। श्रद्धा कपूर और राजकुमार की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के कई रिकॉर्ड बनाए। लेकिन इसके बाद श्रद्धा कपूर जैसे बड़े पर्दे से गायब ही हो गई। लेकिन खबर है कि जल्द ही श्रद्धा कपूर फिर से नए अवतार में सिल्वर स्क्रीन पर नजर आने वाली है। उनकी नई फिल्म एक पीरियड म्यूजिकल ड्रामा होगी। चलिए देखते हैं कि श्रद्धा की नई फिल्म कैसी होगी। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, श्रद्धा कपूर फिर से मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन के साथ करने वाली है। वह मैडॉक फिल्म्स की अगली पीरियड म्यूजिकल ड्रामा में लीड रोल में नजर आ सकती हैं। ये फिल्म डांसर के जीवन पर आधारित एक अनोखी पीरियड ड्रामा होगी। खबरें हैं कि इस फिल्म के किरदार के लिए श्रद्धा कपूर ने क्लासिकल डांस की स्पेशल ट्रेनिंग शुरू कर दी है। श्रद्धा कपूर की इस फिल्म का डायरेक्शन लक्ष्मण उटेकर करेंगे, उन्होंने ही साल 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' का भी निर्देशन किया था। इस फिल्म का प्री-प्रोडक्शन काम शुरू हो गया है। फिल्म के मेकर्स इस फिल्म को नवंबर 2025 में फ्लोर पर लाने की प्लानिंग बना रहे हैं। फिल्म की शूटिंग 6 महीने में पूरी की जाएगी। इसके बाद साल 2026 में फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। बता दें कि खबर थी कि श्रद्धा कपूर 'स्त्री 2' के बाद एकता कपूर की एक फीमेल लीड फिल्म में काम करेंगी, लेकिन कुछ मुद्दों के कारण ये डील रद्द हो गई।

# कांताराः चैप्टर 1' ने रिलीज से पहले कमाए 100 करोड़

मुंबई। ऋषभ शेट्टी की कन्नड़ फिल्म 'कांतारा' ने बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की थी। फिल्म ने पूरे भारत में धूम मचा दी थी। अब इसका प्रीक्वल 'कांताराः चैप्टर 1' रिलीज के लिए तैयार है, जिससे जुड़े एक-एक अपडेट पर प्रशंसक नजर बनाए हुए हैं। फिल्म के धांसू पोस्टर पहले ही दर्शकों के रोंगटे खड़े कर चुके हैं। अब खबर है कि इस फिल्म ने रिलीज से पहले ही अपने तेलुगू राइट्स बेचकर मोटी कमाई कर ली है। 'कांतारा' की सफलता इस बात की गवाही थी कि इसका अगला भाग आएगा तो धमाका होगा और इस धमाके की उम्मीद ने ही इसके निर्माताओं को इतनी तगड़ी कमाई करवा दी है कि आंकड़े देखकर इंडस्ट्री वालों की आंखें फटी की फटी रह जाएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 125 करोड़ रुपये के बजट वाली इस फिल्म के तेलुगू थिएट्रिकल राइट्स 100 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड तोड़ कीमत पर बिके हैं।

स्क्रिप्ट की एक लाइन पढ़ने के बाद ही तय कर लिया था कि फिल्म करनी है या नहीं

# मिथुन की एक समय में होती थी 65 फिल्में फ्लोर पर, साल में 19 फिल्मों में काम करने का रिकॉर्ड

मुंबई। एक्टर मिथुन चक्रवर्ती ने हाल ही में खुलासा किया कि एक समय में उनकी 65 फ़िल्में फ्लोर पर थीं। एक खास बातचीत में मिथुन से पूछा गया कि 80 और 90 के दशक में वह सालाना कितनी फ़िल्में करते थे। सभी को चौंकाते हुए उन्होंने जवाब देते हुए कहा, आपको यह जानकर हैरानी होगी कि एक समय में हमारी 65 फ़िल्में फ्लोर पर होती थीं। मेरे नाम एक साल में 19 फ़िल्में रिलीज करने का लिम्का बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है, तो आप उस काम के बोझ का अंदाजा लगा सकते हैं। मैं 380 फ़िल्में कर चुका हूं।" उनसे यह भी पूछा गया, "ऐसे दौर में जब ज़्यादातर अभिनेता सालाना कम फ़िल्में करते हैं, आपको इतनी सारी फ़िल्में करते रहने की प्रेरणा क्या देती है? इस पर उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि लोग सिर्फ़ एक फ़िल्म कैसे करते हैं, कहते हैं कि पढ़ते हैं। लेकिन उसके बाद क्या होता है, आप स्क्रिप्ट कितनी बार पढ़ सकते हैं। आपको पूरी फ़िल्म एक ही लाइन में समझ आ जाती है। हमने एक लाइन पढ़ने के बाद ही तय कर लिया था कि हमें फ़िल्म करनी है या नहीं।



### कृपया सच जानें

मिथुन ने कहा कि क्या आप जानते हैं कि नोआखली में क्या हुआ था? यह मेरे जन्म से पहले हुआ था। बस इतना ही पता है कि 'बहुत से लोग मारे गए बस। कलकत्ता नरसंहार के मामले में भी यही हुआ था। कोई नहीं जानना चाहता कि यह कैसे और क्यों हुआ, लेकिन विवेक अग्निहोत्री कह रहे हैं, कृपया सच जानें। मिथुन ने आगे कहा, नोवाखाली में एक नरसंहार हुआ था, जिसमें लगभग 40 हजार हिंदू मारे गए थे, कलकत्ता नरसंहार में भी यही हुआ था, और लोग इसका विरोध करेंगे। यही सच है, और जैसे ही कोई सच की बात करता है, वह राजनीति से प्रेरित हो जाता है। हम इसमें क्या कर सकते हैं?

### कोई भी हकीकत का सामना नहीं करना चाहता

*मिथुन ने आगे कहा, अब मैं सिर्फ़ वही फ़िल्में करता हूं, जो मुझे मेहनताना देती हैं। जैसे मैं प्रभास के साथ "फ़ौजी" कर रहा हूं। यह एक देशभक्ति से भरपूर पारिवारिक ड्रामा है, और रजनी (रजनीकांत) के साथ जेलर 2 एक अलग तरह की फिल्म है। प्रजापति 2 एक अलग तरह की फ़िल्म है, इसलिए मेरे लिए यह सब आसान है। मिथुन ने अपनी हालिया फ़िल्म "द बंगाल फ़ाइल्स" को लेकर हुए विरोध और विवाद के बारे में भी खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि जैसे ही आप सच्चाई दिखाते हैं, वह राजनीति से प्रेरित हो जाती है। उन्होंने कहा, जैसे ही आप हकीकत दिखाते हैं, वह अपने आप राजनीति से प्रेरित हो जाती है। यह आश्चर्यजनक है कि कोई भी हकीकत का सामना नहीं करना चाहता।*